नई सोच, नया आयाम

RNI No. CHHHIN/2009/35020



# जोहार छत्तीसगढ़

दैनिक हिन्दी

◆ वर्षः -14 ◆ अंकः 195 डाक पंजीयन 030/रायगढ़/2015-2017 ◆ मूल्यः 3 ₹ ◆ पृष्ठ : 8 ( 4+4 )

धरमजयगढ़, रविवार 22 मई 2022

पेज -3 पर
राजीव गांधी किसान न्याय योजना के तहत जशपुर जिले के 35 हजार ...



सांसद गोमती साय ने दी श्रद्धांजलि
पेज -8 पर

JOHAR CHHATTISGARH epaper for login www.joharchhattisgarh.in

## एक नजर

### बहू से तंग आकर सास ने की सुसाइड

दहेज के झूठे केस में फंसाने की देती थी धमकी,घर में की थी मारपीट, अब प्रताड़ना का केस दर्ज



**बिलासपुर।** बिलासपुर में महिला के फांसी लगाकर आत्महत्या करने के मामले में बहू पर प्रताड़ना का केस दर्ज किया है। दरअसल पुलिस ने मृतका से सुसाइड नोट भी बरामद किया था, जिसमें महिला ने लिखा कि बहू दो माह से मायके चली गई है और घर आकर मारपीट करती है। मामले की जांच में पता चला कि बहू अपनी सास को दहेज प्रताड़ना के केस में फंसाने के नाम पर धमकाती थी, जिससे तंग आकर उसे आत्महत्या करने के लिए मजबूर होना पड़ा। घटना तोरवा थाना क्षेत्र की है।

### बारिश ने गिराया पारा,बढ़ाया उमस

**रायपुर ।** गर्मी से बेहाल लोगों को शनिवार शाम हुई बारिश ने थोड़ी राहत पहुंचाई हालांकि कुछ ही देर हुए बारिश के चलते लोग उमस से भी बेहाल हो गए। शनिवार को रायपुर और कोरबा में हल्की बारिश हुई। बारिश होने से लोगों को तपती गर्मी से राहत तो मिली किंतु उमस से परेशानी भी हुई। शनिवार दोपहर से ही बादल छाए रहे तथा शाम लगभग साढ़े चार बजे जमकर बरसे और फिर थोड़े ही देर में बारिश रूक भी गई जिसके चलते तापमान में थोड़ी गिरावट दर्ज की गई। मौषम थोड़ा ठंडा तो हुआ पर कुछ ही देर में उमस से लोग पेरशान होते नजर आए।

## 40 सालों से कर रखा था कब्जा, अब कार्रवाई,कई बार नोटिस के बाद भी नहीं माने दुकानदार

जांजगीर। छत्तीसगढ़ के जांजगीर-चांपा जिले में रेलवे और प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई की है। यहां रेलवे और प्रशासन की टीम ने 40 सालों से कब्जा जमाए बैठे लोगों का कब्जा हटा दिया है।

बताया जा रहा है कि 65 दुकानदारों ने यहां रेलवे की जमीन पर कब्जा कर रखा था। कई बार नोटिस के बाद भी कब्जा नहीं हटा रहे थे। इनके कब्जे को बुलडोजर चलाकर हटा दिया गया है।

बताया जा रहा है कि चांपा रेलवे स्टेशन के सामने 65 दुकानदारों ने रेलवे की जमीन पर बेजा कब्जा कर रखा था। इस जगह पर अलग-अलग प्रकार की दुकान खोल ली गई थीं। इसी के मद्देनजर रेलवे ने कई बार इन्हें



मौखिक समझाया था। इसके बाद नोटिस भी जारी किया गया था। लेकिन इनके विरोध के चलते कार्रवाई नहीं हो पा रही थी। कार्रवाई के मद्देनजर बड़ी संख्या में पुलिस टीम को तैनात किया गया था।

इस बीच रेलवे ने कुछ दिन पहले भी इन्हें नोटिस जारी किया और कहा कि शनिवार सुबह तक अपना कब्जा हटा लें। इसके बावजूद दुकानदारों ने कब्जा नहीं हटाया। जिसके बाद रेलवे और पुलिस की टीम, प्रशासन के साथ पहुंची और एक-एक कर बुलडोजर से कब्जे को हटा लिया गया है। कार्रवाई होने पर कुछ लोगों ने फिर से विरोध शुरू किया था। मगर प्रशासन ने इनकी एक नहीं सुनी।

### व्यापारियों का छलका दर्द

*इधर कार्रवाई के बाद यहां के व्यापारियों का दर्द भी छलका है। मिश्रा फल दुकान के संचालक धनंजय मिश्रा ने बताया कि वह पिछले 40 सालों से यहां पर व्यवसाय कर रहे थे। सरकार ने उनके लिए नई जगह तय नहीं की है और अब उन्हें हटाया जा रहा है। जिसकी वजह से उनका पूरा परिवार अब सड़क पर आ चुका है, उनके सामने भूखों मरने की नौबत आ चुकी है*

## कारोबारी को लूटने वाले 11 गिरफ्तार

### लुटेरे बोले- हमने तो सिर्फ 20 लाख ही लूटे, व्यापारी ने FIR में लिखवाए 50 लाख

रायपुर। रायपुर की पुलिस ने अनाज कारोबारी को लूटने वाले बदमाशों को पकड़ लिया। ये बदमाश माना और आस-पास के इलाकों में छुपे हुए थे। लूट गैंग के 11 लोगों को पकड़ा गया है। इसमें से 3 अब भी फरार हैं।

इस कांड में शामिल युवकों के पास से लूट की रकम करीब 8 लाख रुपए, कारोबारी को पीटने में इस्तेमाल स्टम्प, डंडे, वारदात में इस्तेमाल मोबाइल फोन और बाइक्स को भी पुलिस ने जप्त किया है। शनिवार को ग्रामीण एसपी कीर्तन राठौर ने इस मामले में जानकारी देते हुए बताया कि इस केस में 11 लोगों को पकड़ा गया है। इसमें 2 नाबालिग भी शामिल हैं। घटना को अंजाम देने में तीन और बदमाशों को हाथ था वो फरार हैं। गिरफ्तार हुए लड़कों के पास से कैश मिला है। कुछ रकम इन बदमाशों ने अपने लेनदारों को बांट दी। गिरफ्तार हुए



आरोपियों ने कहा है कि उन्होंने 15 से 20 लाख की रकम लूटी। व्यापारी ने FIR 50 लाख की लूट बताई है। अब बाकि फरार आरोपियों के गिरफ्त में आते ही कैश को लेकर स्थिति स्पष्ट होगी।

### मजदूरों ने गैंग बनाकर लूटा

जांच के दौरान टीम को डूमरतराई थोक बाजार में काम करने वाले देवेन्द्र धृतलहरे और अजय उर्फ अज्जू के बारे में पता चला। टीम को पता लगा कि ये लोग गायब हैं और आपराधिक आदतों वाले भी । डूमरतराई में ही लूट के शिकार हुए कारोबारी नरेंद्र खेतपाल की दुकान है। जांच टीम ने देवेन्द्र धृतलहरे और अजय उर्फ अज्जू को ढूंढना शुरू किया। इस बीच पुलिस को अभनपुर के केन्द्री में रहने वाले शिव कुमार कोसले के बारे में पता चला।

ये बात पुख्ता हुई कि ये भी इस कांड में शामिल है।

पुलिस ने शिव को अभनपुर जाकर पकड़ा। शिव ने बताया कि पूरी घटना के मास्टर माइंड देवेन्द्र धृतलहरे और अजय उर्फ अज्जू हैं। ये दोनों जानते थे कि कारोबारी नरेंद्र अक्सर अपनी दुकान बंद करने के बाद कैश लेकर घर जाता है। घटना के 10 दिन पहले दोनों ने शिव से संपर्क किया और शुरू हुई प्लानिंग।

### जंगल में बनाया लूट कांड का प्लान

शिव ने पुलिस को बताया कि माना तूता रोड़ के पास जंगल में सभी की मुलाकात होती थी। सब यहीं बैठकर लूट की वारदात को कैसे अंजाम देना है। इसकी प्लानिंग करते थे। सभी को रुपयों को की जरूरत थी। इसलिए सभी इस कांड को अंजाम देने में शामिल हो गए। शिव ने ही अपने इलाके के बाकी लड़कों को इस वारदात को अंजाम देने के लिए राजी किया। घटना के बाद सभी अलग-अलग फरार हो गए। वारदात के दो दिन बाद आरोपी देवेन्द्र धृतलहरे, अजय उर्फ अज्जू और शिव कुमार कोसले ने लूट की रकम आपस में बांट ली थी। कैश बैग में इन बदमाशों को कारोबारी का ए.टी.एम. कार्ड एवं बैंक पास बुक भी मिला। शिव कुमार कोसले अपने साथी शशिकांत और बनवारी के साथ एटीएम गया और कारोबारी के खाते से 40 हजार रुपए निकाल लिए। बदमाशों को कारोबारी की बैंक डीटेल्स भी मिल गई थी।



## मैं गर्व से कहती हूँ कि मैं राष्ट्रीय सेवा योजना की स्वयंसेवक रही हूँ- राज्यपाल

### राज्यपाल ने सात दिवसीय राष्ट्रीय एकता शिविर का किया शुभारंभ




रायपुर। मैं गर्व से कहती हूँ कि मैं राष्ट्रीय सेवा योजना की स्वयंसेवक रही हूँ। राष्ट्रीय सेवा योजना से जुड़कर मेरा आत्मविश्वास बढ़ा और जीवन में सकारात्मक बदलाव आये। उक्त बातें राज्यपाल सुश्री अनुसुईया उइके ने 7 दिवसीय राष्ट्रीय एकता शिविर के शुभारंभ कार्यक्रम में कही।

भारत सरकार के युवा कार्यक्रम व खेल मंत्रालय, राष्ट्रीय सेवा योजना तथा पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के संगठना व्यवस्था के तत्वाधान में 7 दिवसीय राष्ट्रीय एकता शिविर का आयोजन अमलेश्वर स्थित रामचंद्र मिशन आश्रम में किया जा रहा है। राज्यपाल सुश्री उइके सह अथितियों ने युवाओं के प्रेरणास्त्रोत स्वामी विवेकानंद के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उल्लेखनीय है कि 21 से 27 मई तक चलने वाले राष्ट्रीय एकता शिविर में देश के 12 राज्यों से स्वयंसेवक शामिल होने पहुंचे हैं, जहां विभिन्न सांस्कृतिक, बौद्धिक व शारीरिक गतिविधियों का आयोजन किया जायेगा। राज्यपाल सुश्री अनुसुईया उइके ने राष्ट्रीय एकता शिविर को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के एक भारत-श्रेष्ठ भारत की संकल्पना को साकार करने तथा युवाओं को देश की सांस्कृतिक विविधताओं से परिचय कराने में यह शिविर महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उन्होंने कहा कि छात्र जीवन से राष्ट्रीय सेवा योजना से मेरा जुड़ाव रहा है। यह ऐसा मंच है जो न केवल राष्ट्र प्रेम की भावना को जागृत करता है बल्कि आपका आत्मविश्वास बढ़ाता है और आपको सम्मान दिलाता है। मैं हमेशा गर्व से कहती हूं कि मैं राष्ट्रीय सेवा योजना की स्वयं सेवक रही हूं और इससे मेरे जीवन में सकारात्मक बदलाव आये हैं। राज्यपाल सुश्री उइके ने कहा कि अनुशासन, जनसेवा, एकता की भावना और व्यक्तित्व का विकास राष्ट्रीय सेवा योजना के मूल हैं। निश्चित ही हमारी भावी पीढ़ी राष्ट्रीय सेवा योजना से जुड़कर राष्ट्र निर्माण में योगदान देगी और हमारे सांस्कृतिक वैविध्य और विरासत को सहेजने का काम करेगी।

राजीव गांधी किसान न्याय योजना

## जिले के 42924 किसानों को 35.12 करोड़ राशि का किया गया भुगतान

**कोण्डागांव।** शनिवार को मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न श्री राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर आयोजित कार्यक्रम में राज्य के 26 लाख से अधिक किसानों, भूमिहीन कृषि मजदूरों, पशुपालकों एवं गौठान समूह से जुड़ी महिलाओं को 1804 करोड़ रुपयों का उनके खातों में डीबीटी के माध्यम से सीधे अंतरण किया गया। जिसमें कोण्डागांव जिले के भी 42924 किसानों को 35.12 करोड़ राशि का भुगतान प्राप्त हुआ।

जिसके लिए कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में विधायक कोण्डागांव




मोहन मरकाम, जिला पंचायत अध्यक्ष देवचंद मातलाम एवं कलेक्टर पुष्पेंद्र कुमार मीणा की अध्यक्षता में समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सरपंच, पंच, ग्रामीण गौठान समितियों के अध्यक्ष एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए। सभी ने मुख्यमंत्री को वर्च्युअल माध्यम से सुना।

## भाजपा और नक्सलियों में सांठगाठ - कांग्रेस

**रायपुर ।** धरना प्रदर्शन के संदर्भ में जारी दिशा निर्देशो के विरोध में नक्सलियों ने बयान जारी किया है। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता आर.पी. सिंह ने कहा इसके पहले भारतीय जनता पार्टी भी इस निर्देश के विरोध में आंदोलन कर चुकी है। प्रदेश में धरना प्रदर्शन आंदोलन के लिये अनुमति लेने का नियम पहले से लागू है। 15 साल तक रमन सरकार इस नियम का पालन करवाती थी तब नक्सलवादियों ने इसका विरोध क्यों नहीं किया था आज भाजपा और नक्सलियों का सुर एक क्यों हो गया? यह इससे साफहो रहा है कि नक्सलवादियों और भाजपा में सांठ गांठ है जो भाजपा चाहती है वही नक्सली भी चाहते है।

पेट्रोल-डीजल के दाम घटने पर सियासी गर्मी

## भाजपा बोली- छत्तीसगढ़ में कम हो वैट, कांग्रेस का जवाब - 10 बढ़ाकर 5 कम करना धोखा है

रायपुर। केंद्र सरकार ने पेट्रोल और डीजल के दाम घटा दिए हैं। मगर छत्तीसगढ़ में इस मुद्दे पर सियासी बयानबाजी बढ़ गई है।

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदेव साय ने कहा- अब छत्तीसगढ़ में वैट कम करके जनता को असल राहत पहुंचाने का काम किया जाना चाहिए। अब राज्य के नेताओं की बारी है। लगातार केंद्र सरकार पर आरोप लगाने वाले



कांग्रेस के नेताओं से इस दिशा में पहल करने की अपील करते हुए साय ने कहा कि कांग्रेस जनता को बताएं कि केंद्र सरकार द्वारा बड़ी राहत दिए जाने के बाद छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार क्या जनता को राहत देने पेट्रोल डीजल में वैट कम करेगी। केंद्र सरकार ने पेट्रोल पर 8 रुपए और डीजल पर 6 रुपए प्रति लीटर एक्साइज ड्यूटी घटाने का फैसला किया है। इससे पेट्रोल 9.50 रुपए और डीजल 7 रुपए प्रति लीटर सस्ता होगा। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने इसकी जानकारी दी है। नए रेट आज रात 12 बजे से लागू होंगे। अभी सरकार पेट्रोल पर 27.90 और डीजल पर 21.80 रुपए एक्साइज ड्यूटी के रूप में वसूलती है। इस कटौती के बाद पेट्रोल पर 19.90 और डीजल पर 15.80 रुपए एक्साइज ड्यूटी रह जाएगी। इसे पूरे देश में पेट्रोल साढ़े 9 रुपए और डीजल 7 रुपए लीटर तक सस्ता हो जाएगा। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के नौ करोड़ से अधिक लाभार्थियों को 200 रुपये सब्सिडी गैस सिलेंडर पर मिलेगी।

**भूमिपूजन..** बोटानिकल गार्डन निर्माण होने से विद्यार्थियों के अध्ययन में होगी सुविधा

## वन मंत्री ने पीजी कॉलेज कवर्धा के परिसर में 4 लाख रुपए की लागत से बोटानिकल गार्डन निर्माण कार्य का किया भूमिपूजन

कवर्धा। प्रदेश के वन, परिवहन, आवास, पर्यावरण, विधि विधायी तथा जलवायु परिवर्तन मंत्री व कवर्धा विधायक श्री मोहम्मद अकबर ने पीजी कॉलेज कवर्धा के परिसर में 4 लाख रुपए की लागत से बोटानिकल गार्डन निर्माण कार्य का विधि-विधान से पूजा अर्चना कर भूमिपूजन किया।




वन मंत्री श्री अकबर ने कहा कि कॉलेज परिसर में बोटानिकल गार्डन निर्माण होने से विद्यार्थियों के अध्ययन में सुविधा होगी। विद्यार्थी इसके माध्यम से प्रैक्टिकल अध्ययन कर सकेंगे। इसके निर्माण होने से विभिन्न प्रकार के पेड़दृपौधे के अध्ययन में सहायक सिद्ध होगा। शासन द्वारा विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए लगातार कार्य कर रही है। इसके तहत महाविद्यालयों में सुविधाएं मुहैया कराया जा रहा है। जिससे विद्यार्थियों को लाभ भी मिल रहा है। भूमिपूजन कार्यक्रम में पंडरिया विधायक श्रीमती ममता चंद्राकर, श्री नीलकंठ चंन्द्रवंशी, नगर पालिका अध्यक्ष श्री ऋषि शर्मा, बोड़ला जनपद अध्यक्ष श्रीमती अमिता प्रभाती मरकाम, राज्य योग आयोग के सदस्य श्री गणेश योगी, श्रीमती गंगोत्री योगी, श्री कलीम खान, श्री मोहित महेश्वरी, श्री राजेश माखीजानी, श्री फिरोजखान, श्रीमती सावित्री साहू श्री राजकुमार तिवारी, श्री प्रमोद लुनिया, कलेक्टर श्री रमेश कुमार शर्मा, पुलिस अधीक्षक डॉ लाल उमेंद सिंह, जिला पंचायत सीईओ श्री संदीप अग्रवाल सहित जनप्रतिनिधिगण विशेष रूप से उपस्थित थे।

जशपुर में हाथियों का उत्पात

## ग्रामीण को सूंड से उठाकर पटका और कुचलकर मार डाला, गांव के करीब पहुंचे 3 हाथी

**जशपुर।** छत्तीसगढ़ में हाथियों का उत्पात थमने का नाम नहीं ले रहा है। जशपुर जिले में शनिवार को हाथी ने एक ग्रामीण को सूंड से उठाकर पटक दिया और कुचलकर मार डाला। कुनकुरी वन परिक्षेत्र के आम्बाचुवा गांव में यह घटना हुई है। हादसे की सूचना के बाद वन विभाग के अफसर व पुलिस की टीम गांव पहुंची। वन विभाग ने हाथियों की मौजूदगी वाले स्थानों में ग्रामीणों को नहीं जाने की मुनादी कराई है।

वहीं निगरानी के लिए वनकर्मी तैनात हैं। वन विभाग के एसडीओ नवीन कुमार निराला ने बताया कुनकुरी थाना क्षेत्र में



आम्बाचुवा-केराडीह मार्ग पर शनिवार सुबह एक हाथी ने ग्रामीण पर हमला कर दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। मृतक की पहचान ग्राम छोटाबनई निवासी विश्वनाथ राम के रूप में की गई है। विश्वनाथ सुबह साइकिल में ड्रम रखकर आम्बाचुवा से गुजर रहा था। इसी दौरान रास्ते पर अचानक हाथी आ गया। इससे पहले की विश्वनाथ संभल पाता, हाथी ने उस पर हमला कर दिया। हाथी ने ग्रामीण को पहले सूंड से उठाकर पटका और फिर पैरों से कुचलकर बगल में स्थित तालाब में फेंक दिया।

# भारत को विकसित देशों में लाने की मंशा वाले नेता, कितनी चरितार्थ हो पाई उनकी सोच ?

21 मई है राजीव गांधी की पुण्यतिथि। 31साल पुरानी वो दिल दहलाने वाली घटना याद करने का दिन, जिसकी खबर ने 22 मई की सुबह, भारत ही नहीं समूची दुनिया को सन्न कर दिया था। मैं भी इसमें शामिल था, लेकिन मेरे लिए खबर एक अलग अर्थ में भी स्मरणीय है। वो मुँह से अचानक निकला वाक्य सच होना। मई का महीना था, परीक्षाओं के बाद छुट्टियां और हमारे शहर गंजबासौदा में दोस्तों का समूह रोज अलसुबह बेतवा नदी में तैराकी के लिए जाता था।

जो पहले जाग जाए वो बाकी साथियों को जगाने पहुंचता था। उस भोर में मैं अपने कमरे में गहरी नींद में था। मित्र संदीप दुबे ने जोर-जोर से खिड़की भड़भड़ाई तो मैं उठ गया। उठते ही संदीप ने पूछा- खतरनाक खबर है यार, मैं नींद में था। मैंने अनायास यह कहा कि क्या हो गया क्या राजीव गांधी की हत्या हो गई? संदीप रेडियो पर बीबीसी हिंदी पर खबर सुनकर आए थे और मैं नींद से उठा था, कुछ पता ही नहीं था, लेकिन कैसे यह बात मेरे मुंह से निकली, संदीप भी और मैं भी अवाक। संदीप ने बताया कि हां यही खबर सुनकर आया हूं। उस रोज बेतवा नदी नहीं गए। पूरा देश शोक में था। सौम्य सुदर्शन पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी का इस तरह कत्ल पूरे मुल्क को हिला गया। वे तब महज 47 साल के ही तो थे। बाद में जब 23 मई के अखबारों में उनकी हत्या की वारदात की विस्तृत खबरें और फोटो प्रकाशित हुए, राजीव जी को उनके जूतों से पहचाना जा सका।

श्रीलंका में बागी भारतीय मूल के तमिलों के खिलाफ भारतीय सेना को शांति सेना के नाम पर भेजने से खफा तमिल चरमपंथियों के समर्थकों ने यह पूरा कांड किया था। माता की हत्या से उपजी सहानुभूति लहर में भारी बहुमत से प्रधानमंत्री बने राजीव गांधी असल में प्रधानमंत्री बनना ही नहीं चाहते थे। उनकी पत्नी भी नहीं चाहती थीं कि वे प्रधानमंत्री बनें, उन्हें आशंका थी कि सास की तरह पति का भी ऐसा अंत न हो, लेकिन कहते हैं होनी को कौन टाल सका है। राजीव गांधी, अपनी मां की हत्या के बाद सिखों के नरसंहार के बीच न चाहते हुए भी प्रधानमंत्री बने थे। उनके इस वाक्य-

कोई बड़ा पेड़ गिरता है तो धरती हिलती है ।

इसने आग में घी का काम कर दंगाइयों को भारतीय समाज में अपार जहर घोलने की मानो शह ही दे दी थी। वे दंगों के बावजूद माता की हत्या के प्रति सहानुभूति लहर में अतिप्रचंड बहुमत से प्रधानमंत्री बने। तब वे फकत 40 वर्ष के थे, सियासत के लिहाज से यह उम्र कमसिन ही कही जा सकती है।



राजीव गांधी की पुण्यतिथि

> राजीव गांधी का श्रीलंका में शांति सेना भेजना आत्मघाती कदम बना, इसके अलावा उन्होंने शाहबानो मामले में कोर्ट का फैसला संसद में पलटने का कदम उठाया था, उससे कांग्रेस अब तक निजात नहीं पा सकी है।

### कंप्यूटर युग और राजीव

इस सरकार के कार्यकाल में उन्होंने भारत को कंप्यूटर युग में प्रवेश कराया और वे खुद को ऐसे शख्स के तौर पर याद करने की मंशा रखते थे, जिसने भारत को विकासशील की पांत से निकालकर विकसित देशों की श्रेणी में ला खड़ा किया।

यह सपना वे अपनी पांच साल की सरकार के दौरान पूरा न कर पाए, उनकी सरकार पांच साल के बाद दोबारा न बन सकी। वे बोफोर्स तोप मामले में ऐसे घिरे कि प्रचंड बहुमत प्रतिगामी हो गया। ये गैर कांग्रेसवाद के भारी होने के दिन थे, उनकी सरकार के वित्त मंत्री वीपी सिंह प्रधानमंत्री बने और राजीव गांधी की हत्या के बाद पीवी नरसिंहराव आए।

राजीव की हत्या न हुई होती तो कांग्रेस का चुनावी प्रदर्शन और खराब होने वाला था। इसकी तसदीक इस हत्याकांड से पहले और बाद के चरणों के नतीजों के अंतर में साफ दिखा। नरसिंह राव सरकार के कार्यकाल में अयोध्या में बाबरी ढांचा जमीदोज हुआ और भाजपा का तेजी से उत्थान हुआ। फिर भाजपा के अटल बिहारी वाजपेयी की 13 दिन, 13 महीने और फिर पांच साल यानी छह साल सरकार रही।

फिर राजीव की पत्नी सोनिया गांधी के नेतृत्व वाले यूपीए की लगातार दो बार सरकार और इसके बाद प्रचंड बहुमत के साथ भाजपा की मोदी सरकार के पांच साल और उससे भी प्रचंड बहुमत से फिर मोदी सरकार। जिसका एक साल बीत चुका है।

भारत अब भी विकसित देशों की पांत में शामिल होने के लिए प्रयासरत है। पूरी दुनिया कोरोना वायरस के संकट से भयाक्रांत है, अर्थव्यवस्था संकट में है। भारत भी हलाकान है, राजीव गांधी के उत्तराधिकारी पार्टी के लगातार हाशिए पर जाने से जूझ रहे हैं, यह संकट भी अभूतपूर्व है।

### कैसे और कहां चूके थे राजीव?

राजीव गांधी का श्रीलंका में शांति सेना भेजना आत्मघाती कदम बना, इसके अलावा उन्होंने शाहबानो मामले में कोर्ट का फैसला संसद में पलटने का कदम उठाया था, उससे कांग्रेस अब तक निजात नहीं पा सकी है। राजीव जी के जाने के ढाई दशक से ज्यादा अरसे बाद भी उनके पुत्र को मंदिर मंदिर जाना पड़ रहा है, लेकिन तुष्टिकरण का असर जाने का नाम नहीं ले रहा।

सतीश एलिया

## संपादकीय

### रूस से यह लगाव

मीडिया पर आपका नियंत्रण हो, तो फिर लोगों में असलियत के उलटी राय भी बनाई जा सकती है। चीन लोगों की जो भी राय उभरती हो, उसे स्वतंत्र राय शायद नहीं कहा जा सकता। इसके बावजूद जनमत की राय का महत्त्व होता है।

जनमत कैसे निर्मित होता है, इसका कुछ अंदाजा भारत के लोगों को है। अगर मीडिया पर आपका नियंत्रण हो, तो फिर लोगों में असलियत के उलटी राय भी बनाई जा सकती है। दुर्भाग्यपूर्ण यह है कि मीडिया की भारत जैसी ही भूमिका दुनिया के ज्यादातर देशों में है। कहीं वह सत्ताधारी नेताओं के नियंत्रण है, तो कहीं किसी खास वर्ग के और कहीं किसी खास विचारधारा से प्रेरित पार्टी के। चीन में तो घोषित रूप से मीडिया पर कम्युनिस्ट पार्टी का नियंत्रण है। ऐसे में वहां लोगों की जो भी राय उभरती हो, उसे स्वतंत्र राय शायद नहीं कहा जा सकता। इसके बावजूद जनमत की राय का महत्त्व होता है- इसलिए कि उससे ही सत्ता की स्थिरता और मजबूती तय होती है। तो अब जो चीन में हुए एक सर्वे के नतीजे सामने आए हैं, वे अहम हैं। इनका मतलब है कि शी जिनपिंग के नेतृत्व मे कम्युनिस्ट सरकार जिस राह पर चल रही है, उसे देश के अंदर व्यापक समर्थन मिला हुआ है। सामने यह आया कि चीन की जनता में जिन दो देशों के प्रति सबसे ज्यादा नकारात्मक भावना है, वे अमेरिका और भारत हैं। उधर रूस के प्रति उनकी भावनाएं लगातार सकारात्मक हुई हैं। रूस और पाकिस्तान उनके दो पसंदीदा देश हैं। सर्वे चेक रिपब्लिक स्थित थिंक टैंक सेंट्रल यूरोपियन इंस्टीट्यूट ऑफ एशियन स्टडीज ने किया।

# कोई नहीं जानता कि अर्थव्यवस्था के वास्तविक आंकड़े हैं क्या, कैसी हो नीति

खुदरा मुद्रास्फीति का 7.8 फीसदी का मौजूदा आंकड़ा चिंता का कारण जरूर है, लेकिन बहुत ज्यादा इसलिए नहीं, क्योंकि महंगाई फिलहाल पूरी दुनिया की सच्चाई है। यह जानना जरूरी है कि स्वतंत्रता मिलने के बाद, एक गरीब देश होने के बावजूद, भारत अपने सटीक सांख्यिकीय आंकड़ों के लिए गर्व करता रहा था। यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है कि अचूक सांख्यिकीय आंकड़ों की वह परंपरा धीरे-धीरे खत्म होती चली गई।

आज देश की अर्थव्यवस्था से संबंधित आंकड़े इतने गूढ़ हो चुके हैं कि कोई नहीं जानता कि वास्तविक आंकड़े हैं क्या। मौजूदा परिदृश्य पर सोचें, तो जिज्ञासा होती है कि क्या आज हमारे पास बहुत अधिक नकदी है? या कृषि क्षेत्र में उत्पादन कम रह गया है? या कि हमारी अर्थव्यवस्था के लिए ये दोनों बातें सही हैं? मुश्किल यह है कि सरकार की तरफ से इन दोनों मुद्दों पर जो प्रतिक्रियाएं आई हैं, वे एक दूसरे से पूरी तरह अलग हैं। मौजूदा मुद्रास्फीति बहुत अधिक चिंतित करने वाली इसलिए नहीं होनी चाहिए, क्योंकि कृषि/खाद्य पदार्थों की कीमत अगर लंबे समय तक बढ़ती रहती है, तो इससे जुड़ा व्यापार कृषि क्षेत्र के हित में होता है। अगर खाद्य पदार्थों की बढ़ी कीमत का लाभ उत्पादकों को होता है, तब सिर्फ शहरी मध्यवर्ग को नुकसान होता है। ऐसे में, जायज सवाल यही है कि क्या ग्रामीण भारत में बसे कृषि उत्पादकों को वाकई अपने उत्पादों की ऊंची कीमत मिल रही है।



युद्ध के दौर में मुद्रास्फीति

> यूक्रेन मुद्दे पर हमारा राजनीतिक रुख भले ही हमारे हित से प्रेरित हो, लेकिन इस मामले में हमारी आर्थिक नीति भी अगर हमारी राजनीति से ही चालित हो, तो वह अर्थव्यवस्था के मोर्चे पर नुकसानदेह है। याद रखना चाहिए कि सुषमा स्वराज ने वर्ष 2017 में बांग्लादेश से प्राकृतिक गैस की खरीद के मामले में बातचीत की थी।

इस मामले में खाद्यान्न निर्यात से जुड़ा सरकार का फैसला सच्चाई बताने के लिए काफी है। पहले गेहूं निर्यात बढ़ाने की बात कहने वाली सरकार ने बाद में शहरी बाजार को सुरक्षा प्रदान करने के लिए कलाबाजी खाई और निर्यात पर प्रतिबंध लगा दिया। जब पूरी दुनिया गेहूं निर्यात पर प्रतिबंध लगाने के हमारे फैसले के खिलाफ हुई, तो सरकार ने निर्यात में मामूली रियायत दी। क्या इस पूरे मामले में कभी किसानों से सुझाव लिए जाने की जरूरत भी महसूस की गई? समस्या दरअसल कहीं और है।

रूस, बेलारूस और चीन मिलकर पोटाश और दूसरे आवश्यक उर्वरकों का भारी मात्रा में उत्पादन करते हैं। अगर किन्ही वजहों से इन उर्वरकों की आपूर्ति रुकती है या फिर इनके दाम बढ़ते हैं, तो कृषि उत्पादों की बढ़ी हुई कीमत का लाभ नहीं मिल पाता। ऐसे में, मुद्रास्फीति को हतोत्साहित करने वाली नीति चाहिए, जो कृषि की बढ़ती लागत का किसानों के हित में समाधान निकाले और निर्यात को आगे बढ़ाए। ऐसे में, बेहतर तो यही होता कि एक तरफ निजी गेहूं निर्यात को जारी रखते हुए किसानों को आर्थिक लाभ उठाने का मौका दिया जाए, दूसरी ओर, खेती की बढ़ती लागत पर गहरी नजर रखी जाए और संभव हो, तो किसानों को सब्सिडी का लाभ दिया जाए। ईंधन के क्षेत्र में तो विचित्र स्थिति है। एक तरफ रूस से कम कीमत पर पेट्रोलियम खरीदा जा रहा है, दूसरी ओर, सरकार का राजस्व बढ़ाने के लिए घरेलू स्तर पर पेट्रो उत्पादों पर टैक्स लगातार बढ़ाया जा रहा है। पेट्रो उत्पादों पर लगे टैक्स में अगर भारी कटौती हो, तो उसका दो स्तरों पर प्रभाव पड़ेगा। पहला असर यह पड़ेगा कि टैक्स घटने से सरकार का राजस्व घट जाएगा। लेकिन दूसरा असर यह होगा कि इससे तमाम वस्तुओं की लागत घटेगी, जिससे कुल उत्पादन बढ़ेगा, और जिससे आखिरकार सरकार का राजस्व भी बढ़ेगा। ऐसे में, पेट्रो उत्पादों के मामले में वित्त मंत्रालय का आकलन पूरी तरह गलत है। लेकिन यही काफी नहीं है।

बादल मुखर्जी

## मिला जुला

# अवैध कटाई कर जंगलों से कर रहे लकड़ी की चोरी

जोहार छत्तीसगढ़-रतनपुर।

लालपुर क्षेत्र के गांवों एवं जंगलों में प्रतिबंधित पेड़ों की कटाई धड़ल्ले से की जा रही है। दिन दहाड़े खुलेआम जंगलों में पेड़ों को कटर मशीन से काटा जा रहा है और अवैध कारोबार करने वाले रात के अंधेरे में लकड़ियों की ढुलाई कर रहे हैं।



अवैध कारोबारी जंगलों से पेड़ों की कटाई कर उसे आरा मिल एवं हलवाई की दुकानों पर ऊंचे दामों में बेच देते हैं। क्षेत्र के लोगों ने वन विभाग के अधिकारियों कर्मचारियों पर आरोप लगाते हुए बताया कि विभाग को इसकी जानकारी होने के बाद भी इन पर कोई कार्रवाई नहीं किया जाता है। मीडिया कर्मियों की द्वारा पूछे जाने पर बताया कि इन दिनों ग्राम लालपुर सहित अन्य गांवों में लकड़ियों की अंधाधुंध कटाई की जा रही है लकड़ी तस्कर सरपंच के ट्रैक्टर से अवैध लकड़ी का परिवहन कर रहे हैं इससे यह साफ जाहिर होता है कि सरपंच के साथ अवैध लकड़ी के कारोबार करने वाले व कुछ ग्रामीणों की संलिप्तता के साथ वन विभाग के कर्मचारी भी इस कारोबार में शामिल है रक्षक ही अगर भक्षक बन जाए तो जंगल कौन बचाएगा यह सोचने वाली बात है। इसकी जानकारी शाम को रेंजर शांता कश्यप को दी गई जिस पर सुबह उचित कार्यवाही किए जाने की बात कह कर पल्ला झाड़ते हुए नजर आईए क्षेत्र के लोगों का आरोप है कि अवैध कारोबारी दिनदहाड़े पेड़ों को काटकर वहीं पर छोड़ देते हैं। इसके बाद रात के दूसरे पहर में इसका परिवहन किया जाता है। क्षेत्र के कई गांव में दोपहर को अभी भी कटाई की जा रही है। क्षेत्र के ग्रामीणों का कहना है कि पौधे सालों बाद विकसित होकर पेड़ का रूप लेते हैं। जिससे पर्यावरण के साथ लोगों को ही कई फ ायदे मिलते हैं। लेकिन थोड़े रुपयों के लालच में उसे काटा जा रहा है। जिस पर रोक नहीं लग रही। ग्रामीण क्षेत्र के व्यस्ततम आवाजाही वाले क्षेत्रों में वन माफिया खुलेआम हरे पेड़ों पर कुल्हाड़ी चला रहे हैं। एक ओर शासन-प्रशासन पेड़ लगाओं पर्यावरण बचाओ का नारा बुलंद कर रहा है। दूसरी ओर इसकी रक्षा की लिए तैनात वनकर्मियों के सह पर पेड़ों को काटा जा रहा। हरे भरे पेड़ों को काटने वाले के ऊपर क्या कार्रवाई होती है और अवैध कटाई को रोकने के लिए विभाग क्या पहल करती है या देखने वाली बात होगी।

# महिला की सर्प दंश से मौत

## कोटा पुलिस मर्ग कायम कर जांच में जुटी



जोहार छत्तीसगढ़-रतनपुर।

ग्राम पंचायत लूफा में 42 वर्षीय महिला घर के बाहर कचरा उठा रही थी कि उसी दौरान सर्प ने महिला की उंगली को काट लिया। जिसके बाद परिजन महिला को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कोटा लेकर पहुंचे जहां डॉक्टर ने महिला को मृत घोषित कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम लूफा निवासी सिया बाई पाव पति सावन सिंह पाव उम्र 42 वर्ष जब घर मे बाहर कचरा उठा रही थी उसी दौरान एक सांप ने उसकी उंगली काट लिया जिसके बाद परिजनों को इसकी जानकारी दी तब परिवार वाले महिला को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कोटा लेकर पहुंचे जहां डॉक्टर ने महिला को मृत घोषित कर दिया। जिसके बाद कोटा पुलिस को इसकी जानकारी दी गयी कोटा पुलिस में शव का पंचनामा कार्यवाही के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर आगे की विवेचना कार्यवाही में जुट गई है।

## एक नजर

# 40 घंटे से रेस्क्यू ऑपरेशन जारी, मलबे में दबने से 4 मजदूरों की मौत



**रामबन।** जम्मू-श्रीनगर नेशनल हाईवे पर बन रही सुरंग ढहने से चार लोगों की मौत हो गई है. खराब मौसम के बीच शनिवार सुबह से रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया गया. इस दौरान आज (शनिवार) तीन शव बरामद हुए हैं. इससे पहले एक शव गुरुवार को ही हादसे के बाद बरामद हुआ था. रामबन एसएसपी मोहिता शर्मा ने बताया कि शनिवार को रेस्क्यू के दौरान 3 और डेड बॉड़ी मिली हैं. रेस्क्यू के दौरान पहली बॉडी एक चट्टान के नीचे दबी हुई थी. मशीन के जरिए मलबा हटाने के बाद शव निकाला गया. जबकि दूसरी और तीसरी बॉडी भी थोड़ी देर बाद मिल गई है. हालांकि अभी भी वहां 6-7 लोगों के फंसे होने की आशंका है. जम्मू-कश्मीर के रामबन जिले में खूनी नाला के पास हाईवे पर टी-3 की ऑडिट टनल के गुरुवार रात करीब 10.15 बजे एक मजदूर की मौत हो गई थी. हालांकि रेस्क्यू के दौरान तीन लोगों को बचा लिया गया था।

# पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर राहुल ने किया पिता को याद

**नई दिल्ली** । पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी को उनकी 31वीं पुण्यतिथि पर याद करते हुए कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शनिवार को कहा कि उनके पिता एक दूरदर्शी नेता थे, जिनकी नीतियों ने आधुनिक भारत को आकार देने में मदद की।

वायनाड से लोकसभा सांसद राहुल गांधी ने ट्विटर पर लिखा, मेरे पिता एक दूरदर्शी नेता थे, जिनकी नीतियों ने आधुनिक भारत को आकार देने में मदद की। वह एक दयालु व्यक्ति, और मेरे तथा प्रियंका के लिए एक अद्भुत पिता थे। उन्होंने हमें क्षमा और सहानुभूति का मूल्य सिखाया। मुझे उनकी बहुत याद आती है। हम साथ में बिताए समय को प्यार से याद करते हैं। राहुल गांधी इस वक्त लंदन के दौरे पर हैं। लंदन में राहुल 23 मई को कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी में इंडिया एट 75 पर बोलेंगे।

**सोनिया-प्रियंका संग पीएम मोदी ने भी दी श्रद्धांजलि**

कांग्रेस की अंतरिम अध्यक्ष सोनिया गांधी और पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी ने भी शनिवार को राष्ट्रीय राजधानी के वीर भूमि में पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की 31वीं पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि दी। कांग्रेस नेता पी चिदंबरम और सचिन पायलट ने भी दिल्ली की वीर भूमि पर पूर्व प्रधानमंत्री को श्रद्धांजलि दी। इसके साथ पीएम नरेन्द्र मोदी ने भी राजीव गांधी को याद किया और श्रद्धांजलि दी।

ज्ञानवापी शिवलिंग विवाद

# प्रोफेसर रतन लाल की गिरफ्तारी पर हंगामा, डीयू में छात्रों का हल्लाबोल

**नई दिल्ली।** वाराणसी की ज्ञानवापी मस्जिद में सर्वे के दौरान शिवलिंग मिलने का दावा हिंदू पक्ष ने किया था. फेसबुक पर इसे लेकर दिल्ली यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर रतन लाल ने एक पोस्ट किया था. इस पोस्ट को लेकर धार्मिक भावनाएं आहत करने के मामले में केस दर्ज कर पुलिस ने प्रोफेसर रतन लाल को शुक्रवार की रात गिरफ्तार कर लिया था. प्रोफेसर रतन लाल की गिरफ्तारी को लेकर अब हंगामा खड़ा हो गया है. वामपंथी छात्र संगठन प्रोफेसर रतन लाल के पक्ष में खुलकर उतर आए हैं।

प्रोफेसर रतन लाल की गिरफ्तारी के विरोध में वामपंथी छात्र संगठन




ऑल इंडिया स्टूडेंट्स एसोसिएशन के बैनर तले छात्रों ने प्रदर्शन किया. छात्रों ने ज्ञानवापी विवाद में रतन लाल को तुरंत रिहा किए जाने की मांग की. आईसा के बैनर तले छात्रों ने प्रोफेसर रतन लाल को तत्काल रिहा करने की मांग करते हुए दिल्ली यूनिवर्सिटी की आर्ट फैकल्टी के बाहर प्रदर्शन किया।

# रायपुर,राजधानी के माना में हुए अनाज व्यापारी से 50 लाख के लूट मामले में पुलिस ने किया खुलासा

## दो नाबालिग समेत 10 आरोपी गिरफ्तार तीन फरार

जोहार छत्तीसगढ़-रायपुर।

विगत दिनों राजधानी के माना थाना इलाके के डूमरतराई में हुई,अनाज व्यापारी से 50 लाख के लूट मामले का पुलिस ने आज खुलासा किया। पुलिस ने दो नाबालिक समेत 10 आरोपीयों को गिरफ्तार किया है। आप को बतादें राजधानी के माना में 16 मई को अनाज कारोबारी को बीच रास्ते में रोक कर उसके साथ मारपीट की गई और उसका पास से लाखो रुपए ले



कर नकापोश युवक भाग गए थे। घटना को 13 युवक ने अंजाम दिया था। पुलिस ने आरोपियों के पास से 8 लाख नगद भी बरामद कर लिया है। ग्रामीण एसपी कीर्तन राठौर ने मीडिया को जानकारी देते हुए बताया कि लूट के इस मामले 10 लोगों को पकड़ा गया है। इसमें 2 नाबालिग भी शामिल हैं। घटना को अंजाम देने में तीन और बदमाशों को हाथ था वो अभी भी फरार हैं। पुलिस ने लुटेरों के पास से 8 लाख नगदी समेत 5 बाइक और 5 मोबाइल जब्त किया गया हैं। कुछ रकम इन बदमाशों ने अपने लेनदारों को बांट दी। गिरफ्तार हुए आरोपियों ने बताया कि उन्होंने 15 से 20 लाख की रकम लूटी। व्यापारी ने पुलिस को दिए बयान में 50 लाख रुपये लूट होने की बात बताई है। जिसे लेकर पुलिस का कहना है कि फरार आरोपियों के गिरफ्त में आने के बाद ही लुटे गए कैश को लेकर स्थिति स्पष्ट हो पाएगी।

# राजीव गांधी किसान न्याय योजना के तहत जशपुर जिले के 35 हजार 765 किसानों को 36 करोड़ 84 लाख 81 हजार रुपए का भुगतान किया गया

## राज्य के 26 लाख 68 हजार से अधिक किसान और कृषि मजदूर हुए लाभान्वित

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।

पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर आज छत्तीसगढ़ राज्य के किसानों, भूमिहीन कृषि मजदूरों, पशुपालकों एवं समूह से जुड़ी महिलाओं को बड़ी सौगात मिली। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल रायपुर स्थित अपने निवास कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम से राज्य के 26 लाख 68 हजार से अधिक किसानोंए भूमिहीन कृषि मजदूरों, पशुपालकों और गौठानों से जुड़ी समूह की महिलाओं को 1804 करोड़ 50 लाख रुपए की राशि का सीधे उनके बैंक खातों में अंतरण किया। यह कार्यक्रम राजधानी रायपुर से लेकर सभी जिला मुख्यालयों में एक साथ आयोजित हुआ। राजीव गांधी किसान न्याय योजना के तहत् जशपुर जिले के



35 हजार 765 किसानों को 36 करोड़ 84 लाख 81 हजार रुपए का भुगतान किया गया है। इसी प्रकार राजीव गांधी ग्रामीण कृषि भूमिहीन मजदूर न्याय योजना के तहत 4702 हितग्राहियों को लगभग 94 लाख 4000 का भुगतान किया गया है। कार्यक्रम में राजीव गांधी ग्रामीण कृषि भूमिहीन मजदूर न्याय योजना के तहत 22 हितग्राहियों को प्रमाण.पत्र दिया गया। गोधन न्याय योजना के तहत 1661 विक्रेताओं को 12 लाख 50 हजार 809 रुपए का भुगतान किया गया। छत्तीसगढ़ सरकार की सबके लिए न्याय की मंशा के अनुरूप राज्य में संचालित राजीव गांधी किसान न्याय योजनाए राजीव गांधी ग्रामीण कृषि भूमिहीन मजदूर न्याय योजना और गोधन न्याय योजना के अंतर्गत हितग्राहियों को राशि वितरण के इस कार्यक्रम में सभी जिलों से मंत्रिगण, संसदीय सचिव, विधायकगण, अन्य जनप्रतिनिधि, किसान, मजदूर, समूह की महिलाएं और ग्रामीण जन ऑनलाइन शामिल हुए। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने राजीव गांधी किसान न्याय योजना के तहत खरीफ वर्ष 2021-22 की पहली किस्त के रूप में किसानों को 1720 करोड़ 11 लाख रुपएए राजीव गांधी ग्रामीण कृषि भूमि मजदूर न्याय योजना के तहत 71 करोड़ 8 लाख रुपये तथा गोधन न्याय योजना के तहत पशुपालकों, गौठान समितियों और महिला समूहों को 13 करोड़ 31 लाख रुपए ऑनलाइन अंतरित किया। जशपुर जिले में कलेक्टोरेट के मंत्रणा सभाकक्ष में कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। वर्चुअल के माध्यम से राज्य स्तरीय 20 सूत्रीय कार्यक्रम क्रियान्वयन समिति के उपाध्यक्ष अजय अग्रवाल मुख्य अतिथि थे। इस अवसर पर विधायक जशपुर विनय भगत, जनपद पंचायत अध्यक्ष कल्पना लकड़ा, कलेक्टर रितेश कुमार अग्रवाल, पुलिस अधीक्षक राजेश अग्रवाल, जिला



पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी केएस मण्डावी,अमित महतो, मनमोहन भगत,अजय गुप्ता, जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक अधिकारी कर्मचारी और बड़ी संख्या में किसान भाई बन्धु उपस्थित थे। सरकार द्वारा 2 रुपए प्रति किलो में गोबर खरीदी करके अच्छी गुणवत्तायुक्त वर्मी कम्पोस्ट खाद बनाया जा रहा है। जिससे किसानों को अच्छी खाद उपलब्ध हो सके। उन्होंने कहा कि जल.संरक्षण एवं संवर्धन के लिए हम सब को मिल कर कार्य करना होगा। शासन द्वारा गांव में कुंआ निर्माणए तालाब गहरी करण एवं अन्य विधियों के माध्यम से जल को संरक्षित कर रही है। ताकि भविष्य में जल संकट से जूझना न पड़े। कलेक्टर श्री रितेश कुमार अग्रवाल ने अपने उद्बोधन में कहा कि लोगों की समस्याओं का निदान करने के लिए विकासखंडों में जल.चौपाल और समाधान शिविर लगाया जा रहा है। और उनकी समस्याओं का निदान किया जा रहा है।

# मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने राजीव गांधी ग्रामीण कृषि भूमिहीन मजदूर न्याय योजना अंतर्गत सहायता राशि का किया भुगतान

## जिले के 4702 कृषि मजदूर के प्रथम किशत के रूप में 94 लाख 4 हजार राशि की गई अंतरित

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।

पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर आज छत्तीसगढ़ राज्य के किसानों, भूमिहीन कृषि मजदूरोंए पशुपालकों एवं समूह से जुड़ी महिलाओं को बड़ी सौगात मिली। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अपने निवास कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम से राज्य के 26 लाख 68 हजार से अधिक किसानों, भूमिहीन कृषि मजदूरों, पशुपालकों और गौठानों से जुड़ी समूह की महिलाओं को 1804 करोड़ 50 लाख रुपए की राशि का



सीधे उनके बैंक खातों में अंतरण किया गया। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने राज्य के ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूरों को मदद देने के उद्देश्य से संचालित राजीव गांधी ग्रामीण कृषि भूमिहीन मजदूर न्याय योजना के तहत आज प्रदेश के 3 लाख 55 हजार 402 हितग्राहियों को प्रथम किस्त के रूप में 71 करोड़ 8



लाख 4 हजार की राशि जारी की है। इसी कड़ी में जशपुर जिले के पंजीकृत 4702 हितग्राहियों के खाते में प्रथम किश्त के रूप में 94,04,000 की राशि अंतरण किया गया है। जिसके अंतर्गत जनपद पंचायत जशपुर के 264, मनोरा के 206, दुलदुला के 289, कुनकुरी के 648, कांसाबेल के 248, फरसाबहार के 705, बगीचा के 395 एवं पत्थलगांव के 1710 हितग्राहियों के खातें में 2.2 हजार की राशि अंतरित की गई है। गौरतलब है कि इस योजना के तहत अब भूमिहीन परिवारों को प्रति वर्ष 7 हजार रूपए की आर्थिक सहायता दी जा रही है। हितग्राहियों ने प्रदेश सरकार की सराहनीय योजना की प्रशंसा करते हुए योजना के तहत् सहायता राशि प्रदान करने के लिए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का आभार प्रकट करते हुए धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि इससे उन्हें आर्थिक संबल मिलता है। राशि वितरण के इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री के सलाहकार प्रदीप शर्मा, मुख्य सचिव अमिताभ जैन अपर मुख्य सचिव सुब्रत साहू,कृषि उत्पादन आयुक्त डॉ कमलप्रीत सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव सिद्धार्थ कोमल सिंह परदेशी, राजस्व सचिव एनएन एक्का सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

## निगम में मनाया गया आतंकवाद विरोधी दिवस

**कोरबा ।** नगर पालिक निगम कोरबा में आतंकवाद विरोधी दिवस मनाया गया। अधिकारी कर्मचारियों ने इस मौके पर आतंकवाद विरोधी शपथ ली, निगम के अपर आयुक्त खजांची कुम्हार ने उन्हें शपथ दिलाई।

छत्तीसगढ़ शासन से प्राप्त दिशा निर्देशों के अनुरूप नगर पालिक निगम कोरबा के मुख्य प्रशासनिक भवन साकेत में आज आतंकवाद विरोधी दिवस मनाया गया। इस मौके पर निगम के अधिकारी कर्मचारियों ने आतंकवाद विरोधी शपथ लेते हुए कहा कि हम भारतवासी अपने देश की अहिंसा एवं सहनशीलता की परम्परा में दृढ़ विश्वास रखते हैं तथा निष्ठापूर्वक शपथ लेते हैं कि हम सभी प्रकार के आतंकवाद और हिंसा का डटकर विरोध करेंगे।

## विभिन्न वार्डो में सार्वजनिक प्रतिष्ठानों की भूमि पर काबिज 4911 लोगों का हुआ सर्वे

### शासन की गाईड लाईन के अनुरूप कब्जाधारियों को पट्टे के संबंध में की जाएगी कार्यवाही

**कोरबा ।** नगर पालिक निगम कोरबा के विभिन्न वार्डों में स्थित सार्वजनिक प्रतिष्ठानों की भूमि पर काबिज 4911 लोगों के सर्वे का कार्य पूर्व में पूर्ण किया गया है, जिन्हें शासन की गाईड लाईन के तहत पट्टे देने की कार्यवाही नियमानुसार की जाएगी। महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने बैठक लेकर एस.डी.एम.कोरबा श्री हरिशंकर पैकरा से सर्वे कार्य की वार्डवार जानकारी ली तथा शेष छूटे हुए वार्डों में भी सर्वे कार्य पूरा करने को कहा। इस मौके पर सभापति श्री श्यामसुंदर सोनी, मेयर इन काउंसिल सदस्य संतोष राठौर व पालूराम साहू, अपर आयुक्त खजांची कुम्हार, राजस्व निरीक्षक खेलन प्रसाद सूर्यवंशी, पटवारी जोगेश्वर कंवर आदि उपस्थित थे। यहॉं उल्लेखनीय है कि विगत 11 मई को कोरबा व टी.पी.नगर जोन के 16 वार्डो हेतु साडा कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टी.पी.नगर में आयोजित वृहद समाधान शिविर के दौरान महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने काबिज लोगों का किए गए सर्वे कार्य के तहत पट्टा वितरण संबंधी कार्यवाही को आगे बढ़ाने हेतु राजस्व विभाग के अधिकारियों को निर्देशित करने का अनुरोध किया था, जिस पर आगामी कार्यवाही किए जाने के निर्देश विभाग को दिए गए थे।

# बावनकेरा के शिकारियों ने किया चार साल की मादा चीतल का शिकार

## पटेवा पुलिस ने शिकारियों को शिकार और हथियार सहित दबोचा

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुन्द।

वन परिक्षेत्र महासमुंद में वन विकास निगम के जंगल से लगे ग्राम लोहारडीह के पास एक चीतल का शिकार कर ले रहे 4 आरोपियों को पटेवा पुलिस ने पकड़ने में सफ्लता हासिल की है। ज्ञात हो कि महासंमुन्द वन परिक्षेत्र में जिला मुख्यालय होने के बाद भी एक डिप्टी रेंजर को प्रभार दिए जाने से लगातार शिकार की घटनाएं हो रही है।बीती रात भी आरोपियों को पटेवा पुलिस ने गस्त के दौरान पकड़ा है। मिली जानकारी के अनुसार महासमुन्द



वन परिक्षेत्र के लोहारडीह जंगल मे बंदूक से चीतल का शिकार कर ले जाते चार आरोपियों को महासमुन्द पुलिस के गश्ती टीम ने दबोचने में सफ लता हासिल की है। शिकार मादा चीतल की उम्र चार साल बताई जा रही है। शिकार के चारो आरोपीयो के नाम मो शकील खान उम्र 42 वर्ष, जमील खान उम्र 48 वर्ष, मजीद खान उम्र 42 वर्ष, रुंगु उम्र 42 वर्ष सभी निवासी बावनकेरा, बताए गए है। सभी आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद वन विभाग द्वारा इन्हें वन विभाग को सौंपा दिया है।वन विभाग सभी आरोपियों पर वन्य प्राणी संरक्षण अधिनियम के तहत कार्यवाही कर रहा है। दूसरी ओर वन विभाग का अमला मृत हिरण का पीएम कराकर अंतिम संस्कार में जुटा है।

### एयरगन में लेंस लगाकर शिकार

अरोपियों के पास से एक बंदूक जप्त की गई है यह बंदूक मूलत: एयरगन है परन्तु शातिर आरोपियों ने इसका उन्नयन कर दूर तक निशाना लगाने लायक बना दिया है।इसके लिए बाकायदा गन में लेंस भी लगाया गया है।

## एक नजर

### एरिया डॉमिनेशन के दौरान माओवादियों द्वारा लगाये गये आईईडी बलास्ट होने से एक जवान गंभीर रूप से घायल

घायल जवान को नेलसनार में प्राथमिक उपचार पश्चात जिला अस्पताल दंतेवाड़ा रवाना

जोहार छत्तीसगढ़-बीजापुर।



नेलसनार हेमलापारा छसबल 8वीं वाहिनी की टीम एरिया डॉमिनेशन पर निकली थी। एरिया डोमिनशन के दौरान इन्द्रवती नदी के किनारे पांडे मुर्गा और बांगोली के माध्य 14 :40 बजे माओवादियों के द्वारा लगाये गये आईईडी के ब्लास्ट होने से छसबल का जवान आरक्षक थाम सिंह पिता जवाहर सिंह निवासी कटघोरा कोरबा के दाहिने पैर गंभीर चोंट आई है। घायल जवान को स्वास्थ्य केन्द्र नेलसनार में प्राथमिक उपचार उपरान्त बेहतर उपचार जिला अस्पताल दंतेवाड़ा रवाना किया गया है।

### माह के अंत तक ठेका मजदूरों को मिलेगी बोनस की बकाया राशि

**कोरबा ।** डा श्यामा प्रसाद मुखर्जी ताप विद्युत संयंत्र डीएसपीएम में कार्यरत मजदूरों का बकाया बोनस मई माह के अंत तक किया जाएगा। साथ ही ठेकेदारों की समस्याएं प्रबंधन वार्ता कर निराकृत करेगी। डीएसपीएम संयंत्र में कार्यरत मजदूरों को दीपावली पर्व के दौरान 50 फीसद बोनस ही प्रदान किया गया था। बकाया राशि बाद में देने पर सहमति बनी थी, पर भुगतान नहीं होने पर विद्युत कर्मचारी संघ फेडरेशन वन ने मामले में प्रबंधन के साथ ही सहायक श्रमायुक्त को पत्र लिखा था। इस पर डीएसपीएम संयंत्र के सभाकक्ष में सहायक श्रमायुक्त एएलसी आदिले की उपस्थिति में प्रबंधन, ठेकेदार व फेडरेशन की बैठक आयोजित की गई। इस दौरान ठेका श्रमिकों के बकाया बोनस राशि, न्यूनतम वेतन एवं वेतन पर्ची संबंध में चर्चा की गई। इस पर सहायक श्रमायुक्त ने प्रबंधन व उपस्थित ठेकेदारों को बताया कि श्रम कानून के अंतर्गत श्रमिकों को वेतन पर्ची, न्यूनतम वेतन व बोनस का भुगतान करना अनिवार्य है। इस विषय पर शिकायत प्राप्त होने पर संबंधित ठेकेदार व अधिकारी पर कार्रवाई की जाएगी। इस पर ठेकेदारों ने अपनी समस्याएं सहायक श्रमायुक्त के समक्ष रखी, तब एएलसी ने समस्याओं के निराकरण के लिए प्रबंधन के साथ चर्चा करने कहा। प्रबंधन, ठेकेदारों के मध्य सहमति बनी कि बकाया बोनस राशि का भुगतान मई माह के भीतर किया जाएगा व श्रमिकों को श्रम कानून के अंतर्गत वेतन पर्ची एवं न्यूनतम वेतन का भुगतान एक माह के भीतर सुनिश्चित किया जाएगा।

### गैस गोदाम के समीप सूखे पत्ते व झाड़ियों में लगी आग

**कोरबा ।** कुसमुंडा कंम्यूमर्स कोआपरेटिव सोसायटी के गैस गोदाम के समीप नीचे गिरे पेड़ के सूखे पत्ते व झाड़ियों में आग लग गई। जानकारी मिलते ही गोदाम में उपस्थित कर्मियो ने तत्काल दमकल को सूचना दी और अपने स्तर पर बुझाने का प्रयास किया। दमकल के पहुंचने के बाद आग पर काबू पाया गया। इससे कोई अप्रिय घटना नहीं हो सकी। साउथ इस्टर्न कोलफिल्ड्स लिमिटेड एसईसीएल की कुसमुंडा परियोजना के विभागीय आवासीय परिसर में सोसायटी का संचालन किया जा रहा है। आदर्श नगर मंगल बाजार के पीछे गैस एजेंसी संचालित हैं और कार्यालय से लगभग 50 मीटर की दूरी पर गोदाम है, जहां गैस सिलेंडर रखे हुए हैं। गोदाम के बाउंड्री के आसपास काफी पेड़ लगे हैं। गर्मी होने की वजह से पेड़ से पत्ते झड़ कर नीचे गिर गए है और सूख गए है। शुक्रवार की दोपहर अचानक इस सूखे पत्तो में आग लग गई। उस वक्त गोदाम में उपस्थित कर्मचारी ग्राहक को गैस सिलेंडर प्रदान कर रहे थे। आग देख कर उपस्थित लोगों में हड़कंप मच गया। आनन फानन में उपस्थित लोगों ने आग बुझाने का प्रयास किया। इस बीच किसी ने दमकल को सूचना दी।

### अनियंत्रित स्कार्पियों ने आंगन में सो रहे दंपति को चपेट में लिया : पति की मौत, पत्नी घायल

**कोरबा ।** तेज रफ्तार स्कार्पियों ने घर के आंगन में सो रहे दंपति को अपने चपेट में ले लिया। घटना में पति की मृत्यु हो गई, जबकि पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गई। प्राथमिक उपचार के बाद उसे बिलासपुर रेफ्र कर दिया गया। वाहन की रफ्तार इतनी तेज थी कि घर की दीवाल तोड़ते हुए बाडी में जा घुसी। वाहन चालक भी दुर्घटना में घायल हो गया। घटना पसान थाना क्षेत्र के ग्राम सेन्हा में घटित हुई। यहां निवासरत लखन चौधरी 46 वर्ष अपनी पत्नी संगीता चौधरी 40 वर्ष के साथ गर्मी होने की वजह से घर के बाहर आंगन में सो रहे थे। जबकि उनके बच्चे अपने दादा-दादी के साथ कमरे में थे। रात करीब दो बजे घटना हुई। पुलिस ने बताया कि स्कार्पियो गेवरा-पेंड्रारोड़ रेल कारिडोर निर्माण में लगी ठेका कंपनी के अधीन कार्यरत है और उसे दक्षिण भारत का रहने वाला गैंडलानागा शेखर चला रहा था। हादसे के समय शराब के नशे में धुत था। घटना में उसे भी चोट लगी है। संभावना जताई जा रही है कि नशे की वजह से चालक वाहन को नियंत्रित नहीं कर सका और लखन के घर में जा घुसा।

# रायगढ़ में पकड़ाया उठाईगीरी, पिथौरा में कार का शीशा तोड 9.20 लाख किया था पार

## पुलिस के हाथ लगा 1 हजार और 1 दुपहिया वाहन, वारदात के पीछे एक पूरा गिरोह शामिल

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।

बीते दिनों जिले के पिथौरा नगर स्थित लहरौद पड़ाव के कर्मचारी कॉलोनी में एक राइस मिल संचालक की कार का शीशा तोड कर 9 लाख 20 हजार रुपये चोरी करने के आरोप में रायगढ़ जिले के कापू ग्राम से एक आरोपी को पकड़ने का दावा किया है।आरोपी के पास से एक होंडा शाइन सहित एक हजार रुपये नगद बरामद किए है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार विगत 11 मई 2022 को स्थानीय राइस मिल संचालक चितरंजन चौधरी द्वारा एसबीआई पिथौरा से 920000 रुपए आहरण कर अपनी कार की डिक्की में कागज में लपेट कर रखा था। कार को अपने घर में बाउंड्री के अंदर पोर्च में खड़ी



कर घर के अंदर चला गया। इसी दौरान अज्ञात चोरों द्वारा वाहन का शीशा तोड़कर डिक्की में रखे रकम ?920000 रुपए को चोरी कर ले गए थे कि थाना पिथौरा में अपराध क्रमांक 99/2022 धारा 380 भा द वि कायम कर विवेचना में लिया गया था। इस मामले में पुलिस अधीक्षक विवेक शुक्ला स्वयम मौके पर पहुचे थे। इसके बाद अनुविभागीय अधिकारी पुलिस विनोद मिंझ के मार्गदर्शन में 11 मई 2022 को राइस मिल संचालक चितरंजन चौधरी के कार से चोरी हुए 920000 के आरोपियों के पतासाजी एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु निर्देश प्राप्त कर थाना पिथौरा पुलिस एवं साइबर टीम द्वारा शहर में लगे सीसीटीवी फ ुटेज खंगाला गया सीसीटीवी फ ुटेज के आधार पर आरोपियों का ग्राम कांडरजा थाना कापू जिला रायगढ़ छतीसगढ़ मे होने का सुराग मिलने पर थाना पिथौरा पुलिस एवं साइबर टीम के द्वारा उक्त जगह पर कापू पुलिस के सहयोग लेकर उक्त जगह पर दबिश देकर एक संदेही को पकड़कर पूछताछ हेतु लाया गया। संदेही से घटना के बारे में बारीकी से पूछताछ करने पर उसने अपना नाम मुकद्दर नट पिता लालजीत नट उम्र 28 वर्ष साकिन कांडरजा थाना कापू जिला रायगढ़ का रहना बताया एवं घटना कबूल की। आरोपी के अनुसार गिरोह द्वारा उसे नगदी रकम 50,000 दिया गया था जिसे अपने बहन की शादी में 49000 खर्च करना बताया एवं घटना मे प्रयुक्त मोटरसाइकिल होंडा शाइन वह आरोपी के पास से नगदी रकम1ए000 जप्त किया गया। पुलिस द्वारा आरोपी को 21 मई 2022 को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। उक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी गोपाल धुर्वे सायबर सेल प्रभारी संजय राजपूत,स उ नि कौशल साहू, देव कोसरिया एमिनेश ध्रुव, अभिषेक सिंह, अनिल नायक, त्रिनाथ प्रधान मिहिर बिसी, शैलेश ठाकुर, महिला आरक्षक डिलेश्वरी ध्रुव का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# धरसीवां विधायक अनिता शर्मा ने दी क्षेत्रवासियों को 86 लाख के विकास कार्यों की सौगात

जोहार छत्तीसगढ़-रायपुर।

राजधानी के धरसींवा विधायक अनिता योगेन्द्र शर्मा द्वारा अपने विधानसभा को लेकर लगातार कार्य किये जा रहें हैं। विधायक शर्मा की दिन चर्या की शुरुआत अपने विधानसभा की जनता से मिलने से लेकर देर रात तक का कार्य रहता है। इसी का परिणाम है कि ग्रामीण जनता विधायक के कार्यों को सराह रही है इसी कड़ी में आज विधायक द्वारा धरसींवां विधानसभा अंतर्गत ग्राम पंडरभट्ठा के पूर्व माध्यमिक शाला में 8 लाख के लागत से निर्मित होने वाले अतिरिक्त कक्ष एवं ग्राम टेकारी में 78 लाख की लागत से बनने वाले मार्ग का भूमिपूजन किया गया द्य पंडरभट्ठा में अतिरिक्त कक्षा बन जाने से विद्यालय के बच्चो को बैठने और अध्यापन के लिए पर्याप्त जगह की



उपलब्धता होगी वही टेकारी में सड़क निर्माण से बड़े नाला से कोसा बाड़ी फोर लेन तक ग्रामीणों की पहुच बहुत आसान हो जाएगी। इस अवसर पर विधायक अनिता शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल सरकार की मंशा है। ग्रामीण क्षेत्रों का विकास जनता को बुनियादी सुविधा उपलब्ध कराना जिसके लिए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का हार्दिक आभार व्यक्त करते हुए पूरे छत्तीसगढ़ में विकास की गंगा बहाने,गांव,गरीब किसान,मजदूरों की आर्थिक स्थिति सुधारने के लिए धन्यवाद देतीं हुं। इस अवसर पर जिला पंचायत रायपुर अध्यक्ष डोमेश्वरी वर्मा, जिला पंचायत सदस्य हरिशंकर निषाद,भुनेश्वर वर्मा,बुधराम धीवर,धरसींवा ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष दुर्गेश वर्मा,धरसींवा महिला कांग्रेस अध्यक्ष मंजू वर्मा,जनपद सदस्य रानू तिवारी,अकोली सरपंच हरिश्चन्द्र वर्मा,पंडरभट्ठा सरपंच भगवती टंडन,भैंसमुड़ा सरपंच धर्मेंद्र वर्मा, टेकारी सरपंच खिलेंद्र वर्मा, नगर पंचायत कुरा उपाध्यक्ष अनिल बघेल,धरसींवा उप सरपंच साहिल खानए आदित्य शर्मा,योगेश्वर वर्मा,विक्की वर्मा,सचिन ध्रुव, रवि लहरी सहित बाहरी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।



# बाबा उदयनाथ ने अनुयायी और समर्थकों के साथ की नगर की सफाई

## राजनिति में बाबा का उदय निश्चित सप्ताह भर में बाबा का दूसरा आयोजन

जोहार छत्तीसगढ़-देवभोग।

बाबा उदयनाथ अब विन्द्रानवागढ़ के सक्रिय राजनिति में दिखेंगे। अनुयायियों से परामर्श के बाद बाबा ने राजनिति के जरिये समाज सेवा के मार्ग को चुना है। जहां एक और बाबा के सक्रिय राजनिति में आने को लेकर विन्द्रानवागढ राजनिति गलियारों में एक नया भूचाल आ गया है तो वही बाबा के तीन हजार से अधिक अनुयायीयो और एक बड़ी संखाया में उनके राजनितिक समर्थको में खुशी की लहर है। बाबा उदयनाथ ये नाम क्षेत्र मे चिरपरिचित है चाहे वह कांडसर के गौशाला को लेकर हो या जड़ी बुटीयों से रोगो का इलाज हो हर तरह से क्षेत्रीय लोग बाबा से जुड़े हुये है और देवभोग मैनपुर के उनके समर्थक अब विन्द्रानवागढ़ में का बा विन्द्रानवागढ़ में बाबा को सार्थक करने का मन बना रहे है।



### अनुयायी और समर्थकों के साथ नगर की सफाई

बाबा ने सप्ताह भर में देवभोग में दो बड़े आयोजन कर राजनिति में अपनी उपस्थिति का संकेत दे दिये है। बीते शुक्रवार को बाबा उदयनाथ और सैकड़ों की संख्या में बाबा के अलेख पंथ अनुयायी नगर के सफाई करने निकले बाबा ने स्वयं फ ावड़ा पकड़ा गांव के अस्पताल, सामुदायिक भवन,तहसील परिसर की सफाई की इस अवसर पर उनके साथ भाजपा नेता भागीरथी मांझी और बोधन नायक सहित विहिप के कार्यकर्ता सुभाष दौरा और गौरीशंकर कश्यप भी नगर सफाई में मौजूद थे।

### अनुयायी समर्थकों के साथ पीये मडीया पेज

बाबा उदयनाथ नगर सफाई के बाद सामुदायिक भवन में अपने समर्थको और अनुयायीयो के साथ मडीया पेज पीये गांव के लोग भी भारी संख्या मे बाबा के साथ मडिया पेज पीये। लोगों के ने मडीया पेज पीकर लोगो ने बाबा की तारीफ की और बाबा के सक्रिय राजनिति में आने का स्वागत किया।

### बाबा भाजपा से चुनाव लड़ने को इच्छुक



बाबा उदयनाथ अपने राजनिति का उदय भाजपा में करना चाहते है बाबा का कहना है भाजपा संगठन यदि उन्हें चुनाव के मैदान में उतारना चाहती है तो वो सहर्ष स्वीकार करेंगें। ऐसे भी बाबा उदयनाथ का संघ परिवार से भी सतत सम्पर्क रहा है और उनके अलेख पंथ वाले अनुयायीयो की भी यही इच्छा है बाबा उदयनाथ को भाजपा के एक धड़ का भी समर्थन है। बाबा उदयनाथ का कहना है विन्द्रानवागढ़ को विकास की ओर ले जाने तथा राजनिति के माध्यम से समाज का सेवा करने उनको राजनिति में आना पड़ रहा है।

# लक्ष्य पूर्ति से पहले तेंदूपत्ता खरीदी एकाएक बंद होने से संग्राहकों के हितों पर कुठाराघात

### जनपद अध्यक्ष ने जताई आपत्ति, माहान्त तक और खरीदी की मांग लघु वनोपज संघ के प्रबंध संचालक को लिख पत्र

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।

जिले में शासन द्वारा समितियों के माध्यम से तेंदुपत्ता की खरीदी लक्ष्य की पूर्ति के पहले ही एकाएक बंद कर दी गयी है। परिणाम स्वरुप संग्रहको को भी निर्धारित 500 गड्डी पूरा कर पाना संभव नहीं हो सका है साफ है कि इससे तेंदुपत्ता संग्राहक जन्कल्याणकारी योजनाओ यथा छात्रवृत्ति, बीमा, दसवी बारहवी उत्तीर्ण होने पर पारितोष मिलने जैसे लाभ से वंचित हो जांयेंगे। इसे तेंदुपत्ता संग्राहको के हितो पर कुठाराघात करार देते हुए जनपद पंचायत बागबाहरा की अध्यक्ष स्मिता हितेश चंद्राकर ने जिला लघु वनोपज संघ के प्रबंध



संचालक और वन मंडलाधिकारी पंकज राजपूत को पत्र लिख कर कहा है किए चंद व्यापारियों के दबाव को दरकिनार कर हजारो तेंदुपत्ता संग्राहक ग्रामीणों और इनके परिवार के हित के दृष्टिगत चालू माह में ही एक खरीदी और की जाये। इससे लक्ष्य की प्राप्ति तो होगी ही तथा संग्राहक भी 500 गड्डी की अहर्ता पूरी कर अपने लिए बनायीं गयी योजनाओ का लाभ भी ले सकेंगे। ज्ञातव्य है कि इस साल समितियों में कही एक तो एक कही दो खरीदी मात्र हुई है। व्यापारी पहली खरीदी में कम कीमत में बेहतर क्वालिटी का पत्ता खरीदी करने के बाद अब और खरीदी करने से मना कर रहे है। जबकि लक्ष्य अभी बाकी है और संग्राहको से हरा सोना खेंदुपत्ता, खरीदना समितियों की जिम्मेदारी है। इस साल ग्रीन.गोल्ड खेंदुपत्ता, गुणवत्ता और क्वालिटी में सौ प्रतिशत खरा और बीते वर्षो के अपेक्षा बेहतर है। मगर खरीदी बंद होने से संग्राहक भौचक्के है। अब अगर एक और खरीदी नहीं होगी तो संग्राहक भी निर्धारित लक्ष्य पूरा कर पाने में विफ ल होकर मिलने वाले लाभ से वंचित हो जायेंगे।

# छात्रा ने फांसी लगाकर दे दी जान

### खान खाकर कमरे में सोने गई थी, अगले दिन पेड़ पर लटकी मिली लाश

धमतरी। छत्तीसगढ़ के धमतरी जिले में एक युवती ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली है। वो रात के वक्त खान खाकर कमरे में सोने गई थी। अगले दिन पेड़ पर लटकी हुई उसकी लाश मिली है। उसने ये कदम क्यों उठाया। फिलहाल इस बात का पता नहीं चल पाया है। मामला बोराई थाना क्षेत्र का है।



जानकारी के मुताबिक, कसपुर लाइन पारा में रहने वाली कामेश्वरी मरकाम(17) ने रोज की तरह शुक्रवार को भी अपने परिजनों के साथ रात को खाना खाया था। उस दौरान सब ठीक था। खाना खाने के बाद वह अपने कमरे में चले गई। उसके परिजन भी सो गए थे। अगले दिन शनिवार सुबह जब परिजन सोकर उठे तब कामेश्वरी अपने कमरे में नहीं थी। परिजनों को जैसे ही पता चला कि कामेश्वरी अपने कमरे में नहीं है तो वे उसे तलाशने लगे। आस-पास पता करने पर भी उसका कुछ पता नहीं चला। कुछ देर बाद गांव के लोगों की नजर उसके घर के पास ही लगे एक पेड़ पर पड़ी थी। जहां उसका शव फंदे पर लटका हुआ था। शव देखते ही उसके परिजन फूट-फूटकर रोने लगे। घटना के बाद पुलिस को भी इस बात की जानकारी दी गई थी। खबर लगते ही पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और शव को उतारकर पीएम के लिए भेजा गया था।जांच में यह पता चला है कि लड़की 11वीं कक्षा में पढ़ती थी। उसका घर में भी कोई विवाद नहीं था। फिर भी उसने ये कदम क्यों उठाया। अब पुलिस जांच कर रही है।

# 25 वर्षीय युवक ने पेट्रोल डालकर लगाई आग

### 112 की मदद से युवक के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कोटा से प्रथम उपचार के बाद सिम्स रिफर

जोहार छत्तीसगढ़-रतनपुर।

थाना की डायल 112 को सूचना मिली कि ग्राम गोकुलपुर में एक 25 वर्षीय युवक आग में झुलस गया है सूचना मिलते ही तत्काल घटना स्थल पर पहुंचकर डायल112 के आरक्षक व चालक द्वारा युवक के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कोटा लेकर पहुंचे। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत घुटकू के ग्राम कछार निवासी विक्की जांगड़े पिता सदराम जांगड़े उम्र 25 वर्ष ग्राम गोकुलपुर अपने ससुराल ग्राम कछार अपनी पत्नी को लेने आया हुआ था एक दिन पहले दोनो के बीच किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया था। अपनी पत्नी



को मानकर ले जाने जब वह ससुराल पहुंच तो वह वहां नहीं मिली जिसके बाद युवक ने खुद पर पेट्रोल डालकर आग लगा ली थी। जिसकी सूचना स्थानीय ग्रामीणों ने डायल 112 को दी जिसके बाद डायल 112 घटना स्थल पर पहुंचकर युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कोटा में भर्ती कराया। डॉक्टर द्वारा प्राथमिक इलाज के बाद युवक को सिम्स बिलासपुर रिफर कर दिया गया।

# रेल मंत्री को किसान नेता ने लिखा पत्र, रेल्वे क्रासिंग में सड़क सुधार की मांग

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।





राष्ट्रीय राजमार्ग 53 से अटल नगर नया रायपुर पहुंच सड़क के रेलवे क्रॉसिंग में रेल पटरियो के मध्य लोहे का प्लेट स्थापित है जिससे वाहनों के आवागमन सुगम हैं परंतु छत्तीसगढ़ राज्य के अंतर्गत अन्य सड़कों के रेलवे क्रॉसिंग में रेल पटरीयो के मध्य के डामरीकरण उबड़ खाबड़ हो गया है जिससे वाहनों के आवागमन में अत्यंत कठिनाई होती है पत्र के साथ सड़क रेलवे क्रॉसिंग का छायाचित्र संलग्न है अतः आपसे अनुरोध है कि छत्तीसगढ़ राज्य के अंतर्गत आने वाले रेलवे क्रॉसिंग के पटरियों में लोहे का प्लेट स्थापित करने की कृपा आदेश करें।

## एक नजर

### सेवा सहकारी समिति रनबोड़ में लगा कृषक शिविर चौपाल

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।




नवागढ़ ब्लॉक के ग्राम पंचायत रनबोड़ में किसानों को केसीसी वितरण किया गया। कृषि अधिकारी आर के चतुर्वेदी ने किसानों को राजीव गांधी न्याय योजना एवं वर्मी कम्पोस्ट खाद के बारे में बताया व जैविक खेती के लिए प्रोत्साहन किया। इस कार्यक्रम में शाखा प्रबंधक व्यास नारायण शर्मा, समिति प्रबंधक डी आर जोशी, ग्राम सेवक जे के चंद्राकर, जनपद सदस्य महेश टण्डन, समिति अध्यक्ष भरत साहू, सहायक प्रबंधक अशोक साहू, आपरेटर लोमश साहू,अनिल, गोकुल राधेश्याम, त्रिलोक साहू धनुष साहू एवं समस्त कृषकगण उपस्थित रहे।

### राजीव गांधी के शहादत दिवस पर, सरकारी नुमाईन्दों ने भी आतंकवाद के खिलाफ शपथ

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।

21 मई को पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी के शहादत दिवस को आतंकवाद विरोधी दिवस के रूप में मनाते हुये। शपथ जिला कलेक्टोरेट परिसर में ली गई। इस मौके पर अपर कलेक्टर डॉ. नेहा कपूर, एसडीएम भागवत जायसवाल, डिप्टी कलेक्टर नेहा भेड़िया, एसके टण्डन सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारियों ने शपथ ली। इसके अलावा जिले के सभी शासकीय कार्यालयों में राज्य शासन द्वारा जारी दिशा निर्देशानुसार अधिकारियों-कर्मचारियों ने सुरक्षात्मक उपायों का पालन करते हुए आतंकवाद विरोधी शपथ लो। उल्लेखनीय है कि हर वर्ष 21 मई को आतंकवाद विरोधी दिवस मनाया जाता है। 21 मई को शासकीय अवकाश होने के कारण 20 मई को सभी शासकीय कार्यालयों में आतंकवाद विरोधी दिवस मनाया गया। इसका उद्देश्य यह दर्शाना है कि आतंकवाद राष्ट्रीय हित के विरुद्ध युवाओं को आतंक और हिंसा के रास्ते में दूर कायालय प्रमुखों ने स्वयं और अधिनस्थ सभी अधिकारियों-कर्मचारियों को देश का अहिंसा एवं सहनशीलता की परंपरा में दृढ़ विश्वास रखनेए सभी प्रकार के आतंकवाद और हिंसा का डटकर विरोध करने, मानव जाति के सभी वर्गों के बीच शांतिए सामाजिक सद्भाव तथा सूझबूझ कायम करने और मानव जीवन मूल्यों को खतरा पहुंचाने वालो और विघटनकारी शक्तियों से लड़ने की शपथ दिलायी।

### पिटियाझर सोसाइटी में घटिया कंपोस्ट खाद के खिलाफ किसानों का हंगामा

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।

पूर्व विधायक एवं भाजपा चिकित्सा के प्रदेश संयोजक डॉ विमल चोपडा एवं भाजपा नेता सांसद कार्यालय प्रभारी मोहन साहू के नेतृत्व में बड़ी संख्या में किसान पिटियाइझर सोसाइटी पहुंचकर जमकर नारेबाजी की नेताओं और किसानों ने कहा कांग्रेस सरकार रुपए किलो में गोबर खरीदकर उसे बोरे में भरकर जबरन किसानों को 10 रुपए किलो में बेच रही है। जबकि इस वर्मी कम्पोस्ट को घटिया कालिटी की वजह से इसे खेत में डालने पर उपज बढ़ने के बजाय खरपतवार ज्यादा उगने की संभावना है। जबकिए खुले बाजार में अच्छी क्वालिटी की केंचुवा वालो खाद 4.5 रुपए की दर में प्रचुर मात्रा में उपलब्ध है। आक्रोशित किसानों ने कांग्रेस सरकार की मुनाफा खोरी तथा किसान नीति के विरोध में जमकर प्रदर्शन किया। पूर्व विधायक पर पोस्ट के नाम से बेचे जा रहे गोबर का निरीक्षण भी किया। इसमें पाया गय पूरी तरह से सुखा नहीं गीला है। साथ ही मिट्टी, रेत, कक तथा अन्य हानिकारक बीज वगैरह मौजूद है जो मिट्टी की उपजाऊपन को क्षीण कर उसे बंजर भूमि में बदल सकता है। साथ ही दिए जाने वाले बोरे का वजन तौल भी किया गया। इसमें प्रति बारे के वजन में 3.4 किलो का अंतर आ रहा है, जिस कारण प्रति किलो के हिसाब से 20-30 रुपए का नुकस्शन का सामना किसानों को करना पड़ रहा है। खुद को किसान हितैषी बताने वाली सरकार किसानों के हित में ना सोचकर केवल अपने हित में सोचते हुए मुनाफाखोरी व शराब विक्रों में लगी हुई है। डॉ. चोपड़ा ने कहा कि किसान गोबर को आवश्यकता की पूर्ति वे स्वयं हो अपने मवेशियों के मल मूत्र को शुरूवा में साकर उसका उपयोग करते हैं। आक्रोशित किसानों ने कहा कि उन्हें इस तरह को क्यालि को फम्पोस्ट नहीं चाहिए। इसके लिए ये पूर्णतया विरोध करते हैं। इस दौरान सहकार भारती जिलाध्यक्ष जितेन्द्र साहू, विको गुरुदत्ता सुरेन्द्र महाराज, कृषकगण नारायण साहू निरंजन ध्रुव, गोपाल साह लेख ध्रुव कश मुकेश साहू, लखन साहू, उत्तम साहू, उत्तम चंद्राकर, राधेश्याम ध्रुव, पवन ध्रुव, रामलाल ध्रुव, संतोष साहू, प्रीतम चंद्राकर, देवशरण, दौलत साहू लोला सूर्यवंशी, जितेन्द्र साहू, योगेन्द्र चंद्राकर, मनोराम साहू फेजूराम, कुंदन साहू राजेन्द्र चंद्राकर नवल ध्रुव आदि मौजूद रहे।

# समाज में कमजोर वर्गों के उत्थान के लिए सरकार लगातार कार्य कर रही-मुख्यमंत्री भूपेश बघेल

### बेमेतरा जिले के एक लाख 43 हजार 685 किसानों को उनके बैंक खातों में 10373.09 लाख रुपये अंतरित

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।

शनिवार को देश के पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी की पुण्यतिथि 21 मई के अवसर पर प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने राजीव गांधी किसान न्याय योजना, गोधन न्याय योजना और राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना के तहत हितग्राहियों और किसानों को मुख्यमंत्री निवास में आयोजित वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से प्रथम किश्त की राशि का अंतरण किया। बेमेतरा जिले के जिला पंचायत सभाकक्ष में विडियों कॉनफ्रेंसिंग के माध्यम से कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम से राज्य के किसानों,भूमिहीन कृषि मजदूरों, पशुपालकों एवं समूह से जुड़ी महिलाओं को बड़ी सौगात मिली। मुख्यमंत्री ने इन योजनाओं के माध्यम से राशि अंतरण के साथ




ऑडिटोरियम में उपस्थित किसानों, नागरिकों और विडियों कांफ्रेंसिंग से जुड़े जिलों के नागरिकों को आतंकवाद के विरुद्ध संघर्ष करने की शपथ भी दिलाई। मुख्यमंत्री ने आयोजित कार्यक्रम से राज्य के 26 लाख 68 हजार से अधिक किसानों, भूमिहीन कृषि मजदूरों, पशुपालकों एवं समूह से जुड़ी महिलाओं को 1804 करोड़ 50 लाख रुपये की राशि सीधे उनके बैंक खाते में अंतरण किया गया। राजीव गांधी किसान न्याय योजना के तहत बेमेतरा जिले में खरीफ विपणन वर्ष 2021-22 के अन्तर्गत एक लाख 43 हजार 685 पंजीकृत किसानों को उनके बैंक खातों में प्रथम किश्त 10 हजार 373 लाख की राशि अंतरित की गई। मुख्यमंत्री ने कहा कि किसानों और समाज से वंचित लोगों को न्याय दिलाने के लिए कार्यकाल के तीन वर्षों के दौरान राजीव गांधी किसान न्याय योजना, गोधन न्याय योजना, सुराजी गांव योजना, नरवा गरवा घुरवा अउ बड़ी कार्यक्रम, राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना और लघु वनोपज की समर्थन मूल्य पर खरीदीए तेंदु पत्ता संग्रहण दर में बढ़ोत्तरी, सी-मार्ट की स्थापना जैसे अनेक कल्याणकारी योजनाओं और कार्यक्रम के जरिए प्रदेश सरकार लगातार व्यापक स्तर पर कार्य कर रही है।



# डेढ़ लाख में निर्मला घाट, 80 हजार में तालाब सौन्दर्यीकरण

### घोटियापानी में भेखलाल ने किया भूमि पूजन

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।

जिले के बागबाहरा जनपद क्षेत्र के ग्राम पंचायत घोटियापानी में निर्मला घाट एवं तालाब सौन्दर्यीकरण कार्य का भूमिपूजन जनपद उपाध्यक्ष भेखलाल साहू की उपस्थिति में संपन्न हुआ। 15 वे वित की राशी से निर्मला घाट के निर्माण पर 1 लाख 50 हजार रुपये की राशी व्यय होगी। इसी प्रकार 15 वें वित से ही 80 हजार रुपये तालाब सौन्दर्यीकरण पर खर्च होंगे। विदित हो की इस पंचवर्षीय पंचायती कार्यकाल में घोटियापानी नवीन ग्राम पंचायत गठित होकर जनपद में शामिल हुआ है। नया पंचायत गठित होने से यहां के जन प्रतिनिधियों में विकास कार्य को लेकर गजब का उत्साह प्रदर्शित हो रहा है। सभी अपने स्तर पर प्रयास




कर विभिन्न योजनाओ का काम अपने पंचायत में करवा रहे है। सड़क पुल,पुलिया निर्माण, तालाब निर्माण और सामुदायिक भवन जैसे अनेक कार्य वर्तमान में प्रगति पर है। नए पंचायत भवन का निर्माण भी पूर्ण हो चुका है। घोटियापानी में इस वर्ष नवीन धान खरीदी केंद्र भी खोला गया है तथा पंचायत प्रतिनिधि पेयजल आपूर्ति पर विशेष ध्यान दे रहे है। जनपद पंचायत द्वारा भी यथा संभव घोटियापानी पंचायत की मानगो को पूरा किया जा रहा है। भूमिपूजन कार्यक्रम में पधारे जनपद उपाध्यक्ष साहू ने घोटियापानी वासियों को भरोसा दिलाया है कि भविष्य में भी उनकी समस्याओ का निदान प्राथमिकता से किया जायेगा। इस कार्यक्रम में जनपद सदस्य मंगलु ठाकुर सरपंच प्रतिनिधि समारु और उप सरपंच नाथू राम महानंद पंचगण हलधर मांझी गोरणों मांझी एवं कपिला तथा ग्रामीण जन उपस्थित थे।

जोहार छत्तीसगढ़

धरमजयगढ़, रविवार 22 मई 2022

# जल्द शादी रचाएंगे अभिनेता अभय देओल



बॉलीवुड अभिनेता अभय देओल हाल के दिनों में फिल्मों से अधिक निजी जिंदगी को लेकर सुर्खियों में रहे हैं। सोशल मीडिया पर वह अपने फैंस से रूबरू होते रहते हैं। उनके अफेयर की बात करें तो उनका नाम कई महिलाओं के साथ जोड़ा गया। अब अभय के चाहने वालों के लिए एक खुशखबरी सामने आई है। अभय बहुत जल्द शादी रचाने वाले हैं। उन्होंने अपनी फिल्म जंगल क्राई के प्रमोशन के दौरान इस संबंध में खुलासा किया है।

उन्होंने कहा कि वह शादी करने वाले हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, जब उनसे उनकी शादी के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा, मैं शादी कर रहा हूं। हालांकि, उन्होंने यह खुलासा नहीं किया कि उनकी दुल्हनिया कौन बनेंगी। साथ ही उन्होंने अपनी शादी से जुड़ी अन्य जानकारियों को भी साझा करना उचित नहीं समझा। उम्मीद है कि जल्द इस संबंध में आधिकारिक जानकारी सामने आएगी।

रिपोर्ट की मानें तो अभय का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो चुका है, जिसमें वह अपनी शादी के बारे में बात करते हुए दिखे हैं। उनकी शादी कब और कहां होगी, इसको लेकर कोई जानकारी नहीं दी गई है। बता दें कि अभय 46 साल के हो चुके हैं, इसलिए फैंस उनकी शादी का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। ये तो आने वाले वक्त में ही पता चलेगा कि कब दुल्हे के रूप में उनका सेहरा सजेगा।

पिछले साल अभय ने सोशल मीडिया पर अपनी खास दोस्त शिलो शिव सुलेमान के साथ रोमांटिक तस्वीरें पोस्ट की थीं। इसके बाद लोग कयास लगाने लगे थे कि अभय और शिलो के बीच प्रेम की खिचड़ी पक रही है। शिलो, फियरलेस कलेक्टिव नाम के आर्ट कलेक्टिव की फाउंडर और डायरेक्टर हैं। 32 वर्षीया शिलो का जन्म और परवरिश बेंगलुरु में हुआ। अपनी मां से प्रेरित होकर शिलो ने बचपन में ही इल्स्ट्रेशन बनाना और लिखना शुरू कर दिया था।

शिलो से पहले अभय देओल का नाम सेलेब्रिटी मैनेजर और आर्टिस्ट साइरीना मामिक के साथ जुड़ा था। हालांकि, अभिनेत्री प्रीति देसाई के साथ अभय का रिश्ता सबसे ज्यादा चर्चा में रहा। दोनों ने करीब चार सालों तक एक-दूसरे को डेट किया था।

अभय के वर्कफ्रंट की बात करें तो उन्होंने फिल्म सोचा न था से बॉलीवुड में अपनी शुरुआत की थी। वह जिंदगी ना मिलेगी दोबारा और देव डी जैसी कई फिल्मों में नजर आए हैं।

# डिमेंशिया पर आधारित फिल्म गोल्डफिश का कान में होगा प्रीमियर


डिमेंशिया पर आधारित फिल्म गोल्डफिश में वरिष्ठ अभिनेत्री दीप्ति नवल, देव-डी स्टार कल्कि कोचलिन और रजित कपूर 21 और 22 मई को फ्रेंच रिवेरा शहर में 75वें कान फिल्म समारोह में प्रीमियर लिए तैयार है। फिल्म दीप्ति और कल्कि के बीच का पहला अंतर्राष्ट्रीय सहयोग है, जिसका सेट लंदन में है।



इस अवसर पर बात करते हुए, दीप्ति नवल ने एक बयान में अपने जीवन का एक गहरा व्यक्तिगत किस्सा साझा करते हुए कहा, एक अभिनेत्री के तौर पर आप ऐसी फिल्मों का इंतजार करते हैं, जो अंदर से कुछ बदल दें। मेरे लिए गोल्डफिश में ऐसा ही एक रोल है। मुझे फिल्म से जुड़ाव मेहसूस हुआ जैसे ही मैंने फिल्म की पहली तीन लाइनें सुनी। कभी-कभी मेरी अंतर आत्मा मुझसे कहती है, ये वो है जो मेरे लिए बना है, जिसका मुझे हमेशा से इंतजार था। हो सकता है मुझे ऐसा इसलिए लगता होगा क्योंकि मैंने अपनी मां को अल्जाइमर और डिमेंशिया से गुजरते हुए देखा है। फिल्म का निर्देशन सिनेमैटोग्राफर और थिएटर निर्देशक पुशन कृपलानी ने किया है, जिसमें अमित सक्सेना की स्प्लेंडिड फिल्म्स (यूएसए) फिल्म का निर्माण कर रही है और पूजा चौहान कार्यकारी निर्माता के रूप में काम कर रही हैं। कल्कि ने कोविड के बाद की दुनिया और उसमें होने वाली भावनात्मक उथल-पुथल के बारे में बात करते हुए कहा कि, पोस्ट कोविड के बाद की दुनिया में जहां बहुत सारे लोग अपने प्रियजनों के साथ अपने घरों में जाने को मजबूर थे, वहां बहुत शांति थी, फिर भी यह भावनात्मक पीड़ा थी, जो कुछ भी थी लेकिन फिर भी।उन्होंने आगे कहा, यह फिल्म कुछ अलग चीजों को सामने लाती है और दूसरी बात यह थी कि कैसे फिल्म के कलाकारों में दुनिया भर के भारतीय शामिल थे और इन सभी अभिनेताओं के अपने लहजे थे जो कुछ ऐसा है, जो हमने कभी किसी फिल्म में नहीं देखा।अपनी फिल्म के बारे में बताते हुए, निर्देशक पुशन कृपलानी ने कहा, गोल्डफिश दो महिलाओं के माध्यम से पहचान के विचारों की पड़ताल करती है। यह तय नहीं होता है कि वह कौन है, क्योंकि वह दो संस्कृतियों के बीच रहती है, न तो पूरी तरह से अपनी और दूसरी की है। अपनी बीमारी की वजह से, एक ऐसी जगह फंस गई है जहां से वह निकलना चहा रही है। यह कर्तव्य, प्रेम और दर्दनाक इतिहास के विचारों को बताना चाहता है।

# दिल बीट्स पर सुकृति, प्रकृति कक्कड़ आएंगी नजर

गायिका-गीतकार बहने सुकृति और प्रकृति कक्कड़ शो दिल बीट्स के चौथे सीजन को होस्ट करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। इस सीजन में देश भर के आठ जोड़े अपनी प्रेम कहानियां और रिश्ते में आने वाली समस्याओं को साझा करेंगे।



जबकि कक्कड़ सिस्टर्स डेटिंग, शादी, ब्रेकअप, सेल्फ-वर्थ और बीच की हर चीज के संबंध में सलाह और टिप्स साझा करेंगी। दोनों शो में लंबी जुदाई और रतन जैसे लोकप्रिय गीतों की प्रस्तुति भी देंगे।

दिल बीट्स के लिए एमटीवी बीट्स के साथ अपने जुड़ाव के बारे में बात करते हुए, प्रकृति ने साझा किया- जब मैंने पहली बार दिल बीट्स सीजन 4 में अनफिल्टर्ड लव की थीम के बारे में सीखा, तो मैं तुरंत इस विचार से प्रभावित हुई। मेरा मानना है कि इस तरह की हार्दिक प्रेम कहानियां सभी चुनौतियों पर विजय पाने वाले अटूट प्रेम की याद दिलाती हैं। हमने इस शो के साथ अपनी मेजबानी की शुरूआत की, और वह भी एमटीवी बीट्स पर। इसलिए हम सभी अधिक उत्साहित हैं।

सुकृति ने कहा- संगीत और प्रेम का संयोजन अद्वितीय है। प्यार का मतलब अलग-अलग लोगों के लिए अलग-अलग चीजें हैं। और संगीत एक अद्भुत भाषा है जो उस पहले प्यार का संचार कर सकती है, दर्द को कम करने में मदद कर सकती है और रिश्तों को भी गहरा कर सकती है।

दिल बीट्स संगीत और कहानी कहने के अनोखे संयोजन के साथ इस अवधारणा को एक नए स्तर पर ले जाता है। प्रकृति और मैं कभी भी इस तरह के किसी शो का हिस्सा नहीं रहे हैं, इसलिए मैं इस तरह के अनोखे अनुभव की प्रतीक्षा कर रही थी। दिल बीट्स सीजन 4 25 मई से एमटीवी बीटस पर प्रसारित होगा।

# विजय देवरकोंडा-सामंथा स्टारर फिल्म का फर्स्ट लुक पोस्टर, टाइटल किया गया रिलीज



एक्टर विजय देवरकोंडा स्टार हीरोइन सामंथा रूथ प्रभु के साथ एक रोमांटिक प्रेम कहानी के लिए साथ काम कर रहे हैं, जिसे शिव निर्वाण द्वारा निर्देशित किया जा रहा है। फिल्म के निर्माताओं ने फिल्म का टाइटल और फर्स्ट लुक पोस्टर रिलीज किया। सामंथा ने अपनी फिल्म कुशी का फर्स्ट लुक पोस्टर साझा करते हुए लिखा, इस क्रिसमस-नए साल पर। खुशी, हंसी, और प्यार का एक विस्फोट होगा। एक भव्य परिवारिक अनुभव के साथ कुशी तेलुगू तमिल कन्नड़ मलयालम में। 23 दिसंबर को वर्ल्डवाइड रिलीज हो रही है।फिल्म के फर्स्ट लुक में विजय स्टाइलिश अवतार में हैं और सामंथा पारंपरिक पोशाक में हैं।

गुलाबी रंग का पोस्टर आश्चर्यजनक है, जिसकी पृष्ठभूमि में एक बादल कश्मीर के नक्शे को दर्शाता है और दो कबूतर उड़ रहे हैं, जो प्रेम का प्रतीक है। इस बीच, मोशन पोस्टर काफी प्यारा है, और बैकग्राउंड काफी शानदार है। यह फिल्म 23 दिसंबर को तेलुगू, तमिल, कन्नड़ और मलयालम में रिलीज होगी। जयराम, सचिन खाडेकर, अली, वेनेला किशोर, राहुल रामकृष्ण, और अन्य फिल्म में नजर आएंगे। फिल्म मैथरी मूवी मेकर्स द्वारा निर्मित है।

## खेल

धोनी की धीमी बैटिंग से हारी चेन्नई

# 200 रन की ओर बढ़ रही CSK केवल 150 बना सकी, माही के 28 बॉल पर 26 रन

मुंबई। महेंद्र सिंह धोनी को क्रिकेट की दुनिया का सबसे बड़ा फिनिशर कहा जाता है। फैंस को आस थी कि माही IPL 2022 के अपने अंतिम मैच में पुराना अंदाज दिखाएंगे और चेन्नई को बड़े स्कोर तक ले जाएंगे।




तमाम उम्मीदों को धोनी ने अपनी स्लो बैटिंग से चकनाचूर कर दिया। धोनी ने 28 गेंदों पर केवल 26 रन बनाए। इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट 92.86 का रहा। आगे बढ़ने से पहले इस पोल में हिस्सा जरूर लें।

जो चेन्नई एक वक्त बड़े स्कोर की ओर बढ़ रही थी, वह 150 पर ठहर गई। CSK का स्कोर पावरप्ले के 6 ओवर के बाद 75 रन था। यहां से निश्चित तौर पर टीम को बड़ा स्कोर बनाना चाहिए था, लेकिन मिडिल ऑर्डर के फ्लॉप शो के बाद माही की धीमी बल्लेबाजी ने टीम की लुटिया डुबो दी। धोनी ने 28 गेंद पर 26 रन बनाने के दौरान एक चौका और एक छक्का लगाया। बाकी की 26 बॉल में वह सिर्फ 16 रन ही बना सके। 19वें ओवर की अंतिम गेंद पर धोनी चहल को विकेट दे बैठे। चहल ने धोनी को स्लोअर टॉस्ड-अप बॉल डाली। यह ऑफ-स्टंप के बाहर फुलर लेंथ की गेंद थी। धोनी ने एक्रॉस द लाइन शॉट खेला। गेंद माही के बल्ले के निचले भाग से लगी। लॉन्ग-ऑन पर खड़े जोस बटलर ने आसानी से कैच पकड़ लिया। इस तरह धोनी की संघर्ष भरी पारी का अंत हुआ।

मोईन अली योद्धा की तरह मैदान में डटे थे। उनके बल्ले से लगातार रन निकल रहे थे। दूसरी तरफ से विकेटों का पतझड़ जारी था। जगदीशन एक रन बनाकर और रायडू 3 रन बनाकर चलते बने। फैंस को इससे कोई बहुत ज्यादा अफसोस नहीं हो रहा था। दरअसल, छठे नंबर पर बल्लेबाजी करने सबके चहेते धोनी मैदान पर उतरने वाले थे। धोनी आए जरूर, लेकिन खामोश पारी खेलकर चले गए। पहले ही प्लेऑफ में पहुंच चुकी राजस्थान रॉयल्स जैसी इन फॉर्म टीम के सामने यह स्कोर किसी भी लिहाज से काफी नहीं था। जो डर था, वही हुआ।

# मुंबई इंडियंस के सपोर्ट में उतरे विराट कोहली, स्टेडियम में बैठकर करेंगे एमआई की जीत दुआ!



**नई दिल्ली ।** रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर ने गुजरात टाइटंस को 8 विकेट से शिकस्त देकर इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2022 प्लेऑफ़ में पहुंचने की अपनी उम्मीदों को जिंदा रखा है। हालांकि प्लेऑफ़ में पहुंचने के लिए बैंगलोर को अब शनिवार को वानखेड़े स्टेडियम में दिल्ली कैपिटल्स और मुंबई इंडियंस के बीच होने वाले बड़े मुकाबले के रिजल्ट पर निर्भर रहना होगा। गुजरात के खिलाफ शानदार बल्लेबाजी करने वाले आरसीबी के बल्लेबाज विराट कोहली ने कहा है कि वह मुंबई बनाम दिल्ली मैच में रोहित शर्मा की टीम को सपोर्ट करेंगे। कोहली ने साथ ही इस बात के भी संकेत दिए हैं कि मुंबई इंडियंस को सपोर्ट करने के लिए वह स्टेडियम में मौजूद रह सकते हैं। कोहली ने गुजरात के खिलाफ मैच के बाद फाफ डु प्लेसी के साथ बातचीत के दौरान कहा, 2 दिनों से अपने पैरों को शांत करने की कोशिश कर रहा हूं और मुंबई को सपोर्ट कर रहा हूं।

## एक नजर

# तकनीक में बदलाव करते ही विराट के बल्ले से निकलने लगे रन



**नई दिल्ली ।** विराट कोहली आईपीएल 2022 के ज्यादातर मैचों में रन बनाने के लिए तरस रहे थे। गुजरात टाइटंस के खिलाफ सीजन के 67वें मैच से पहले वह केवल एक ही अर्धशतक लगा पाए थे। लेकिन गुजरात के खिलाफ उन्होंने अर्धशतकीय पारी खेलकर फॉर्म में लौटने के संकेत दे दिए हैं। वह इस सीजन में तीन बार गोल्डन डक का शिकार हो चुके थे। लेकिन अब उन्होंने इस सीजन में 300 से ज्यादा रन बना लिए हैं। कोहली ने गुजरात के खिलाफ 54 गेंदों पर 73 रनों की ताबड़तोड़ पारी खेली। कोहली ने इसके साथ ही आरसीबी के लिए एक बड़ा रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया। वह इस फ्रेंचाइजी के लिए 7000 रन बनाने वाले पहले बल्लेबाज बन गए हैं। टी20 क्रिकेट में विराट के अलावा अब तक किसी भी बल्लेबाज ने किसी सिंगल फ्रेंचाइजी के लिए इतने रन नहीं बनाए हैं।

# गुजरात टाइटंस की हार पर हार्दिक भड़के, बताया मैच न जीत पाने की बड़ी वजह

**नई दिल्ली ।** आईपीएल 2022 की सबसे बेस्ट टीम गुजरात टाइटंस को रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के खिलाफ आठ विकेट से शिकस्त का सामना करना पड़ा। हार के बाद टीम आईपीएल 2022 की अंकतालिका में टॉप पर है और वो सबसे पहले प्लेऑफ के लिए चालीफाई कर चुकी है। वहीं, बैंगलोर ने इस जीत से प्लेऑफ में पहुंचने की अपनी उम्मीदों को जिंदा रखा है। बैंगलोर से मिली हार के बाद गुजरात टाइटंस के कप्तान हार्दिक पांड्या ने अपनी टीम को जमकर फटकार लगाई है। पांड्या ने कहा कि अगर उनके पास कुछ और रन होते तो मुकाबला किधर भी जा सकता था। हार्दिक पांड्या ने मैच के बाद अपनी टीम की हार को लेकर कहा, हम पार स्कोर तक ही बना सके। हम सोच रहे थे कि धीमी गति की गेंद करेंगे, पेस में चेंज करेंगे तो अच्छा रहेगा, लेकिन हम कामयाब नहीं हो सके। हम एक के बाद एक विकेट खो रहे थे, यही हमें अगले मैचों में नहीं करना है। प्लेऑफ में जब हम पहुंचेंगे तो जल्दी विकेट नहीं खोना चाहेंगे। यह मैच हमारे लिए सीख की तरह से है और इसको इसी तरह से देखते हैं। ऋद्धिमान साहा को हल्की हैमस्ट्रिंग थी तो हमने उन्हें आराम देने का सोचा। हार्दिक ने इस मैच में 47 गेंद में नाबाद 62 रन बनाकर प्लेआफ की तैयारी पुख्ता की। उधर, बैंगलोर के 14 मैच में 16 अंक हो गए हैं। इसी के साथ सनराइजर्स हैदराबाद और पंजाब किंग्स की टीम टूर्नामेंट से बाहर हो गई हैं। क्योंकि इनके अभी 12 अंक हैं हालांकि दोनों टीमों के 1-1 मैच बाकी हैं। लेकिन ये मैच जीतने के बाद भी उनके 14 अंक ही होंगे।

चार साल बाद राजस्थान प्लेऑफ में

# CSK को 5 विकेट से दी मात, पहले क्वालीफायर में गुजरात से होगा मुकाबला; अश्विन की मैच विनिंग पारी

**मुंबई।** IPL 15 के 68वें मुकाबले में राजस्थान रॉयल्स ने चेन्नई सुपर किंग्स को 5 विकेट से हरा दिया है। इस जीत के साथ राजस्थान की टीम 4 साल बाद प्लेऑफ में पहुंची है। आखिरी बार ये टीम 2018 में प्लेऑफ में पहुंची थी। अश्विन ने राजस्थान के लिए मैच विनिंग पारी खेली और सिर्फ 23 गेंद में 40 रन बना दिए। वहीं, यशस्वी के बल्ले से 59 रन निकले। चेन्नई के लिए प्रशांत सोलंकी ने सबसे ज्यादा 2 विकेट लिए।



IPL 2022 के पहले क्वालीफायर में राजस्थान का मुकाबला गुजरात से होगा। हार्दिक पंड्या की कप्तानी वाली गुजरात की टीम पॉइंट्स टेबल में एक नंबर पर है। पहला क्वालीफायर मुकाबला 24 मई को खेला जाएगा। चेन्नई के खिलाफ जीत के साथ राजस्थान के 18 अंक हो गए हैं। वहीं, गुजरात के 20 अंक हैं। 2008 के बाद राजस्थान की टीम टॉप-2 में पहुंची है। राजस्थान के सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ने मैच में 44 गेंद में 59 रन बनाए। उनके बल्ले से 8 चौके और एक छक्का निकला। CSK के लिए सबसे ज्यादा रन मोइन अली ने बनाए। उन्होंने 57 गेंद में 93 रन की पारी खेली। वहीं, राजस्थान के लिए युजवेंद्र चहल और ओबेद मैककॉय ने 2-2 विकेट लिए।

# ड्रेसिंग रूम में तोड़फोड़ करने पर बीसीसीआई ने मैथ्यू वेड को लगाई कड़ी फटकार

**नई दिल्ली ।** आईपीएल टीम गुजरात टाइटंस के विकेटकीपर बल्लेबाज मैथ्यू वेड को बीसीसीआई की ओर से कड़ी फटकार लगाई गई है। वेड को इसलिए फटकार लगाई गई है क्योंकि उन्होंने गुरुवार को रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के खिलाफ आईपीएल 2022 के 67वें मैच में आईपीएल की आचार संहिता का उल्लंघन किया था। दोनों टीमों के बीच यह मैच मुंबई के वानखड़े स्टेडियम में खेला गया था, जिसमें बैंगलोर ने गुजरात को 8 विकेट से पीटकर प्लेऑफ में पहुंचने की अपनी उम्मीदों को जिंदा रखा है।



वेड को आईपीएल आचार संहिता के अनुच्छेद 2.5 के तहत लेवल 1 के उल्लंघन का दोषी पाया गया। ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज ने अपनी गलती स्वीकार कर ली है। वेड ने मुकाबले में 13 गेंदों पर दो चौके और एक छक्के की मदद से 16 रन बनाए।

दरअसल, ये मैच में आरसीबी की ओर से ग्लेन मैक्सवेल छठा ओवर लेकर आए, जिनके ओवर की दूसरी गेंद पर मैथ्यू वेड ने स्वीप लगाने का प्रयास किया, लेकिन गेंद बल्ले का मामूली सा किनारा लेकर पैड पर लगी और ऑन साइड की ओर चली गई। मैथ्यू वेड रन दौड़ पड़े, लेकिन ग्लेन मैक्सवेल ने अपील कर दी और अंपायर ने उन्हें आउट करार दे दिया।

# बच्चों के लिए आयोजित दस दिवसीय समर कैंप उत्साहपूर्वक सम्पन्न

## डांस, पेंटिंग, योग, विभिन्न खेल गतिविधियों सहित नवीन कला-कौशलों से परिचित हुए बच्चे

**गौरेला पेंड्रा मरवाही ।** कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देशन में जिले के स्कूली बच्चों के लिए ग्रीष्मकालीन अवकाश अवधि का सदुपयोग करने तथा बच्चों में नवीन कला-कौशलों तथा अन्य गतिविधियों के माध्यम से मनोरंजन के साथ-साथ शैक्षणिक ज्ञानवर्धन के लिए आयोजित दस दिवसीय समर कैंप फिजीकल कॉलेज पेंड्रा और स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम विद्यालय सेमरा में उत्साह पूर्वक सम्पन्न हुआ। समर कैंप में आयोजित विभिन्न गतिविधियों में जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों के 442 बच्चों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। समापन समारोह के अवसर पर कलेक्टर द्वारा



### समर कैंप बच्चों के लिए अपनी प्रतिभाओं को निखारने का एक सुनहरा अवसर- कलेक्टर

प्रतिभागी बच्चों एवं प्रशिक्षको को प्रमाण पत्र भी वितरित किया गया।

समापन समारोह में कलेक्टर ने कहा कि समर कैंप बच्चों के लिए अपनी प्रतिभाओं को निखारने का एक सुनहरा अवसर है। इस तरह के आयोजन से छात्र-छात्राओं का सर्वांगीण विकास किया जा सकता है। समर कैंप के अंतर्गत ड्राइंग, पेंटिग, संगीत, नृत्य, क्राफ्ट, डेकोरेशन, कैलियोग्राफी, गणित-मॉडल और एबेकस आदि ललित कला एवं व्यक्तित्व विकास से संबंधित गतिविधियां तथा व्हॉलीबॉल, खो-खो, कबड्डी, ताइक्वांडो, कराटे, योग आदि शारीरिक एवं मानसिक विकास से संबंधित गतिविधियां करायी गई। समर कैंप पेंड्रा और सेमरा में बच्चों के भारी उत्साह को देखते हुए। स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम विद्यालय मरवाही में भी 18 मई से समर कैंप का शुभारंभ किया गया है जो आगामी 27 मई तक चलेगा। सेजेस सेमरा में आयोजित 10 दिवसीय समर कैंप के समापन अवसर पर स्काउट गाइड के बच्चों को भी प्रमाण पत्र वितरित किया गया। समापन अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी श्री मनोज राय, विकासखंड शिक्षा अधिकारी श्री संजय वर्मा, प्राचार्य सेजेस सेमरा श्री नरेन्द्र कुमार तिवारी, प्रशिक्षक, प्रतिभागी बच्चे और उनके अभिभावक उपस्थित थे। समर कैंप के सफल संचालन में श्रीमती सीमा डेविड, श्रीमती रजनीश डायमंड, श्री अशोक सिंह पवार, श्री संजय कैवर्त, श्री दानवेन्द्र सिंह ठाकुर, श्री कन्हैया वासुदेव, श्री प्रदीप यादव, श्री पवन कश्यप, श्री अरविन्द शुक्ला, श्री निशांत सिंह, श्री कृष्णा, श्री मनोज यादव, श्रीमती स्वप्निल पवार, श्री संजय सोनी, श्री रमेश प्रधान, श्री अमित शर्मा एवं सेजेस सेमरा के स्टाफ, प्रशिक्षक श्री प्रेम वैश्य का विशेष योगदान रहा।

# मक्का प्रसंस्करण प्लांट हेतु निविदाएं 23 मई को खोली जायेंगी

प्लांट निर्माण से प्रत्येक अंशधारक को प्रथम वर्ष से ही होगा लाभ



**कोण्डागांव।** कई दिनों से विभिन्न कृषकों को कुछ व्यक्तियों द्वारा मक्का प्रसंस्करण प्लांट के बंद होकर परियोजना के रुक जाने के संबंध में फैलाई जा रही अफवाहों को देखते हुए मां दंतेश्वरी मक्का प्रसंस्करण एवं विपणन सहकारी समिति मर्यादित कोण्डागांव के प्रबंध संचालक केएल उइके ने स्पष्ट करते हुए बताया कि जिले में मां दंतेश्वरी मक्का प्रसंस्करण एवं सहकारी समिति मर्यादित कोण्डागांव के द्वारा मक्के से इथेनॉल निर्माण संयंत्र की स्थापना का कार्य लगातार प्रगतिरत है। इसके लिए परियोजना निर्माण में सहायता हेतु परियोजना प्रबंधकीय सलाहकार की नियुक्ति निविदा आमंत्रण के उपरांत कर ली गई है। इनके द्वारा अपने अनुभव के आधार पर परियोजना निर्माण के प्रत्येक गतिविधियों की निगरानी एवं समय-समय पर प्रगति प्रतिवेदन प्रस्तुत किया जाएगा। इसके साथ ही प्लांट एवं मशीनरी की निविदाएं 23 मई को खोली जायेंगी तत्पश्चात टेंडर प्रक्रिया पूर्ण कर ली जाएगी। इसके साथ ही प्लांट निर्माण का कार्य भी प्रारंभ कर 12 माह की अवधि में प्लांट निर्माण का कार्य पूर्ण कर लिया जाएगा। संयंत्र निर्माण एवं संचालन प्रारंभ होने के उपरांत प्रथम वर्ष से ही परियोजना को लाभ प्राप्त होना प्रारंभ हो जाएगा। परियोजना से प्रत्येक अंशधारक को प्रथम वर्ष से ही लाभ प्राप्त होगा।

इसके अतिरिक्त उन्होंने बताया कि अब तक जिले के 45 हजार से अधिक कृषकों के द्वारा 6.83 करोड़ रुपए शेयर राशि समिति में जमा कराया गया है। जो समिति के विभिन्न बैंक खातों जैसे आईडीबीआई बैंक कोण्डागांव एवं एक्सिस बैंक कोण्डागांव में फिक्स डिपाजिट के रूप में क्रमशः 3 एवं 5 करोड़ कुल 08 करोड़ जमा होकर सुरक्षित है। इसके साथ ही समिति के बचत खातों में कुल 4.98 करोड़ जमा है।

# निगम के जलप्रदाय विभाग ने बालको क्षेत्र में की टुल्लू पम्प की जप्ती

नल कनेक्शन में टुल्लू पम्प लगाकर पानी खींचने वालों पर हो रही लगातार कार्यवाही

**कोरबा ।** आयुक्त प्रभाकर पाण्डेय के निर्देश पर निगम के जल प्रदाय विभाग द्वारा नल कनेक्शनों में टुल्लू पम्प लगाकर पानी खींचने वालों पर निरंतर कार्यवाही की जा रही है, भी बालको जोन के कैलाशनगर बस्ती में कार्यवाही करते हुए अमले द्वारा टुल्लू पम्प जप्त किया गया तथा संबंधित को कड़ी हिदायत दी गई कि दोबारा टुल्लू पम्प लगाने का प्रयास न करें अन्यथा नल कनेक्शन विच्छेदन की कार्यवाही भी की जा सकती है। यहां उल्लेखनीय है कि नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा संपूर्ण नगर निगम क्षेत्र में पाइप लाइनों के माध्यम से नियमित रूप से सुबह शाम पेयजल की आपूर्ति की जाती है तथा निगम का निरंतर प्रयास रहता है कि आम नागरिकों को पर्याप्त पेयजल प्राप्त हो, उन्हें पानी की कमी ना पड़े किंतु कतिपय लोगों द्वारा पाइपलाइन ,नल कनेक्शनों में घरों के बाहर व अंदर टुल्लू पंप लगाया जा रहा है, जिसके परिणाम स्वरूप अन्य नागरिकों को घरों में पानी का प्रेशर कम हो जाता है, उनके घरों में कम प्रेशर से पानी पहुंचता है ,जिससे अनावश्यक असुविधा लोगों को होती है, इसकी शिकायत को पूरी गंभीरता से लेते हुए आयुक्त प्रभाकर पाण्डेय ने टुल्लू पंप लगाने वालों पर त्वरित कार्यवाही करने एवं टुल्लू पंप जप्त करने के आदेश निगम अमले को दिए थे। निगम के जल प्रदाय विभाग के अधिकारी कर्मचारी लगातार कार्यवाही कर रहे हैं। आज इसी कड़ी में बालको जोन के कैलाशनगर बस्ती में यह कार्यवाही की गई, एक व्यक्ति द्वारा अपने घर के नल कनेक्शन में टुल्लू पम्प लगाकर पानी खींचा जा रहा था।

## एक नजर

### अधिकारी-कर्मचारियों ने ली आतंकवाद विरोधी शपथ



**बिलासपुर ।** शासकीय कार्यालयों में आज आतंकवाद विरोधी दिवस मनाया गया। अधिकारी एवं कर्मचारियों को इस अवसर पर आतंकवाद एवं हिंसा के खिलाफ लड़ने की शपथ दिलाई गई । उल्लेखनीय है कि पूर्व प्रधानमंत्री श्री राजीव गांधी की शहादत दिवस 21 मई को हर साल राष्ट्रीय आतंकवाद विरोध दिवस मनाया जाता है। लेकिन 21 मई के दिन कार्यालयों में अवकाश होने के कारण एक दिन पूर्व यह दिवस मनाया गया। कमिश्नर कार्यालय में डिप्टी कमिश्नर श्री अखिलेश साहू एवं जिला कार्यालय में कार्यालय अधीक्षक श्री सीएस सिदार ने शपथ दिलाई। शपथ के अनुसार सभी प्रकार की हिंसा एवं आतंकवाद का डटकर विरोध करेंगे। हम मानव जाति के सभी वर्गों के बीच शांति, सामाजिक सद्भाव तथा सूझबूझ कायम करने और मानव जीवन मूल्यों को खतरा पहुंचाने वाली एवं विघटनकारी शक्तियों से लड़ने की शपथ उन्होंने ली है।

### सात साल से फरार स्थाई वारंटी पकड़ाया

**कोरबा ।** जिले में पुलिस अधिक्षक भोजराम पटेल के द्वारा वारंटों को तमिल करने का विशेष अभियान चलाने के निर्देश सभी थाना प्रभारियों को दिए गए हैं। थाना दर्री में इन निर्देशों के परिपालन में सतत वारंटीयों को पकड़ कर न्यायालय पेश किया जा रहा है। इसी तारतम्य में दर्री पुलिस के द्वारा 7 साल से फरार स्थाई वारंटी लक्ष्मण सिंह पिता पद्मन सिंह निवासी कलमी डुग्गू,जो मारपीट के एक प्रकरण में वर्ष 2015 से फरार था, और जिसके लिए माननीय न्यायालय द्वारा स्थाई वारंत जारी किया गया था। उसे रायगढ़ जिले से पकड़ने में सफलता प्राप्त की है। उल्लेखनीय है कि माननीय मजिस्ट्रेट नेहा उसेंडी कटघोरा के न्यायालय के आपराधिक प्रकरण क्रमांक 1787/15 के मामले का आरोपी लक्ष्मण सिंह विगत 07 वर्षो से फरार था। जिसके संबंध में सूचना प्राप्त हुई, की उक्त वारंटी छाल जिला रायगढ़ में अपनी रिश्तेदारों के यहां छुपकर रह रहा है। सूचना पर दर्री पुलिस की टीम ने थाना छाल पुलिस से संपर्क करके वारंटी को उनके सहयोग से पकड़कर लाने में सफलता प्राप्त की। उल्लेखनीय है कि पुलिस अधीक्षक कोरबा के निर्देश पार चलाए जा रहे वारंट तामिली अभियान में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा और बेच दर्री सु लितेश सिंह के मार्गनिर्देशन में दर्री पुलिस के द्वारा विगत दो माह में ये तीसरा स्थाई वारंट तामील किया गया है। इस वारंटी को पकड़ने में आरक्षक रामस्वरूप कश्यप, शीतला उइके सैनिक हिमांशु तिवारी की महत्त्वपूर्ण भूमिका रही

### आतंकवाद विरोधी दिवस के अवसर पर भिलाई निगम के अधिकारी/कर्मचारियों ने ली शपथ

**भिलाई ।** आज नगर पालिक निगम भिलाई के सभागार में आतंकवाद विरोधी दिवस मनाया गया। निगम आयुक्त प्रकाश सर्वे ने आतंकवाद विरोधी दिवस मनाने के उद्देश्य को निगम के कर्मचारियों को अवगत कराया। उन्होंने कहा कि इसका प्रमुख उद्देश्य आम लोगों के कष्टों को सामने लाकर और यह दर्शा कर कि आतंकवाद किस तरह राष्ट्रीय हित के विरुद्ध है युवाओं को आतंक और हिंसा के रास्ते से दूर करना जरूरी है।

आज निगम के कर्मचारियों ने इस बात की शपथ ली की हम भारतवासी अपने देश की अहिंसा एवं सहनशीलता की परंपरा में दृढ़ विश्वास रखते हैं तथा निष्ठापूर्वक शपथ लेते हैं कि हम सभी प्रकार के आतंकवाद और हिंसा का डटकर विरोध करेंगे। हम मानव जाति के सभी वर्गों के बीच शांति, समाजिक सद्भाव तथा सूझभुझ कायम करने और मानव जीवन मूल्यों को खतरा पहुंचाने वाली और विघटनकारी शक्तियों से लडने् की भी शपथ ली गई। इस दौरान प्रमुख रुप से अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी, जयकुमार जैन, विद्याधर देवांगन, नवीन साहू एवं स्टेनो पुरुषोत्तम साहू आदि मौजूद रहे।

### अंतिम संस्कार के लिए ऑनलाइन आवेदन करने की कोई आवश्यकता नहीं

**भिलाई ।** नगर पालिक निगम भिलाई के मुक्तिधाम में ऑनलाइन आवेदन करने की कोई आवश्यकता नहीं है और न ही ऑनलाइन कराने कहीं जाने की आवश्यकता है, इसके लिए प्रारंभिक प्रक्रियाएं पूरी तरीके से मैनुअल सिस्टम है, इसमें किसी भी तरीके से परिवर्तन नहीं किया गया है, जैसे पहले से प्रक्रिया चली आ रही है वैसे ही प्रक्रिया निरंतरता में बनी हुई है, शोकाकुल परिवार को ऑनलाइन सिस्टम को लेकर किसी भी प्रकार से दिगभ्रमित होने की आवश्यकता नहीं है, ऑनलाइन सिस्टम न पहले हुआ था और न ही अभी है, शोकाकुल परिवार को किसी प्रकार से भटकने की आवश्यकता नहीं है। यहां आकर आसानी से अंतिम संस्कार की प्रक्रियाएं पुर्ण की जा सकती है। पहले से रामनगर मुक्तिधाम में सुविधाओं में इजाफा हुआ है। भीषण गर्मी में राहत देने के लिए डोम शेड का निर्माण किया गया है, मुक्तिधाम के भीतर किसी भी तरफ धूप में खड़े होने की आवश्यकता नहीं है। हरियाली से आच्छादित रामनगर मुक्तिधाम में शव दाह के लिए मशीन स्थापित किया गया है, विद्युत विभाग से डिमांड मिलते ही बिजली का कनेक्शन लगाकर इसे प्रारंभ कर दिया जाएगा।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल किसान न्याय योजना

# पहली किश्त 21 मई को किसानों के खातों में जमा करेंगे

**बिलासपुर ।** राजीव गांधी किसान न्याय योजना के अंतर्गत 21 मई को जिले के किसानों के खाते में प्रथम किश्त के रूप में 72 करोड़ 62 लाख रूपए की राशि जमा की जाएगी। इससे 1 लाख 10 हजार से ज्यादा किसानों को फायदा मिलेगा। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल राजधानी रायपुर से बटन दबाकर किसानों के खातों में यह राशि जमा करेंगे। योजना के अंतर्गत जिला स्तरीय समारोह स्थानीय प्रार्थना सभा भवन में सबेरे 11.30 बजे से आयोजित होगा। समारोह के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी बैंक के अध्यक्ष श्री बैजनाथ चंद्राकर होंगे।

इस अवसर पर विशेष अतिथि के रूप में विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष श्री धरमलाल कौशिक, सांसद श्री अरूण साव, संसदीय सचिव महिला बाल विकास एवं समाज कल्याण श्रीमती रश्मि आशीष सिंह, बिलासपुर विधायक श्री शैलेश पाण्डेय, मस्तूरी विधायक डॉ. कृष्णमूर्ति बांधी, कोटा विधायक श्रीमती रेणू जोगी, बेलतरा विधायक श्री रजनीश सिंह, छ.ग. पर्यटन मंडल के अध्यक्ष श्री अटल श्रीवास्तव, जिला पंचायत अध्यक्ष श्री अरूण चैहान, महापौर श्री रामशरण यादव, जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के अध्यक्ष श्री प्रमोद नायक मौजूद रहेंगे। उल्लेखनीय है कि राज्य सरकार द्वारा राजीव गांधी किसान न्याय योजना के अंतर्गत प्रति एकड़ 9 हजार रूपए के हिसाब से प्रोत्साहन राशि दिया जाता है।

आतंकवाद विरोधी दिवस

# आतंकवाद और हिंसा का विरोध करने सरकारी कार्यालयों में दिलायी गई शपथ

**गौरेला पेंड्रा मरवाही ।** आतंकवाद विरोधी दिवस के अवसर पर आज जिला कार्यालय सहित जिले के सभी शासकीय कार्यालयों में अधिकारियों और कर्मचारियों ने आतंकवाद और हिंसा का डटकर विरोध करने की शपथ ली। कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देशानुसार सवेरे 11 बजे कलेक्ट्रेट, संयुक्त कार्यालय भवन टिकरकला, जिला कोषालय, लोक निर्माण, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, कृषि, शिक्षा, सीएसपीडीसीएल, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं तहसील सहित जिले के सभी शासकीय कार्यालयों में आतंकवाद विरोधी दिवस पर कार्यालय प्रमुखों ने



अधिकारियों-कर्मचारियों को शपथ दिलायी।

उल्लेखनीय है कि हर वर्ष 21 मई को आतंकवाद विरोधी दिवस मनाया जाता है। 21 मई को शासकीय अवकाश होने के कारण 20 मई को सभी शासकीय कार्यालयों में आतंकवाद विरोधी दिवस मनाया गया। इसका उद्देश्य यह दर्शाना है कि आतंकवाद किस तरह राष्ट्रीय हित के विरूद्ध है, युवाओं को आतंक और हिंसा के रास्ते से दूर करना है। कार्यालय प्रमुखों ने स्वयं और अधिनस्थ सभी अधिकारियों-कर्मचारियों को देश की अहिंसा एवं सहनशीलता की परंपरा में दृढ़ विश्वास रखने, सभी प्रकार के आतंकवाद और हिंसा का डटकर विरोध करने, मानव जाति के सभी वर्गों के बीच शांति, सामाजिक सद्भाव तथा सूझबूझ कायम करने और मानव जीवन मूल्यों को खतरा पहुंचाने वाली और विघटनकारी शक्तियों से लड़ने की शपथ दिलायी।

कार्यक्रम में बुलाया जाता है तो वहां सम्मानजनक व्यवस्था होनी चाहिए

# जनप्रतिनिधि अपमानित होकर भला कार्यक्रम में कैसे रह सकता है : विधायक शैलेश पांडेय

बिलासपुर । शहर विधायक शैलेष पांडेय को एक बार फिर गुस्सा आ गया। अपने ही सरकार के कार्यक्रम में जिला प्रशासन द्वारा किये गए अपमान से गुस्साए विधायक ने कार्यक्रम बीच मे छोड़कर बाहर निकल गए।



कार्यक्रम का बायकाट करने से प्रशासनिक अफसरों में हड़कंप मच गया है। राजीव गांधी न्याय योजना के तहत किसानों के खाते में प्रथम किश्त की राशि जमा करने का कार्यक्रम रखा गया था। प्रार्थना सभा भवन में अपैक्स बैंक के अध्यक्ष बैजनाथ चंद्राकर की अध्यक्षता में कार्यक्रम का आयोजन किया गया था।

मेजबान की भूमिका निभा रहे जिला प्रशासन ने सत्ता व विपक्षी दल के विधायक सांसद तथा कांग्रेस के पदाधिकारियों को आमंत्रित किया था। विधायक पांडेय कार्यक्रम में शामिल होने प्रार्थना सभा भवन पहुंचे। बैठक व्यवस्था को लेकर उनका गुस्सा फूट पड़ा। जिला प्रशासन ने प्रोटोकाल का पालन नही किया था। इसे लेकर वे नाराज हो गए और कार्यक्रम का बायकाट करते हुये वापस लौट गए। इसे लेकर एक बार फिर चर्चा का दौर शुरू हो गया है। दरअसल प्रार्थना सभा भवन में जिला प्रशासन ने जो व्यवस्था की थी उसके मुताबिक बोनस वितरण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अध्यक्ष व अपेक्स बैंक के अध्यक्ष बैजनाथ चंद्राकर के अगल बगल की कुर्सी में संसदीय सचिव रश्मि सिंह और शहर कांग्रेस अध्यक्ष विजय पांडेय बैठे हुए थे। बैठक व्यवस्था के क्रम में फिर जिला पंचायत अध्यक्ष अरुण सिंह चौहान, जिला सहकारी केंद्रीय बैंक बिलासपुर के अध्यक्ष प्रमोद नायक,जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विजय केशरवानी बैठे हुए थे ।उनके बगल में कलेक्टर सारांश मित्तर की कुर्सी लगी थी। सबसे अंत में शहर विधायक विधायक पांडेय के लिए कुर्सी रखी गई थी। मेहमाननवाजी कर रहे जिला प्रशासन की इस बैठक व्यवस्था को देखकर उनका गुस्सा फूट पड़ा और उपेक्षा का आरोप लगाते हुए शहर विधायक पांडेय कार्यक्रम को छोड़कर सभा भवन से बाहर निकल गए। विधायक पांडेय ने कहा कि किसी कार्यक्रम में बुलाया जाता है तो वहां सम्मानजनक व्यवस्था होनी चाहिए। जनप्रतिनिधि अपमानित होकर भला कार्यक्रम में कैसे रह सकता है इसलिए मैं अपनी बात कह कर कार्यक्रम को बीच में ही छोड़कर वापस लौट रहा हूं।

# गांव में शा. राशन दुकान नहीं होने से ग्रामीणों को हो रही दिक्कत, दस किलोमीटर सफर करते हैं ग्रामीण

**बिलासपुर ।** तखतपुर ब्लाक के अंतर्गत ग्राम पंचायत सेक्ती के आश्रित गांव सांवाताल में राशन दुकान नहीं है। ग्रामीणों को राशन के लिए दस किलोमीटर सफर तय करना पड़ता है। ग्रामीणों का कहना है कि गांव में राशन के अभाव में 35 रुपये के चावल को घर तक पहुंचाने में तीन सौ रुपये से ज्याद खर्च हो जाते हैं। ग्राम पंचायत सेक्ती के आश्रित ग्राम सांवाताल के जिन ग्रामीणों के पास कोई साधन नहीं है, उन्हें दस किलोमीटर सफर करने में सबसे ज्यादा दिक्कत होती है। कई बार तो वे राशन लेने भी नहीं पहुंच पाते हैं। किराया का वाहन भी नहीं मिलता है। एक रुपये प्रति किलो चावल लाने के लिए ग्रामीणों को तीन सौ रुपये खर्च करना पड़ता है।




तब जाकर घर के लिए राशन की व्यवस्था हो पाती है। जिनके पास बाइक व साइकिल नहीं है, वे लोग दस किलोमीटर पैदल चलकर राशन लेने जाते हैं। 50-70 किलो वजन चावल को सिर पर उठाकर पैदल वापस घर आते हैं। आने जाने के लिए गांव में पक्की सड़क भी नहीं है। इससे बारिश के दिनों में भारी परेशानी का समाना करना पड़ता है।

क्या कहते हैं ग्रामीण - ग्राम सांवाताल के रहने वाले किशन राजपूत ने कहा कि जीवन चलाने के लिए राशन लेना जरूरी है। वितरण केंद्र नहीं होने के कारण राशन के लिए एक दिन के लिए काम बंद करना पड़ता है। यदि गांव में वितरण केंद्र की सुविधा हो जाए तो बहुत राहत मिलेगी।

**-किशन राजपूत**

अनिल कुमार का कहना है कि गांव से राशन वितरण केंद्र तक जाने के लिए ठीक से सड़क भी नहीं है। दस किलोमीटर पैदल आने जाने से पैरों में घाव हो जाते हैं। राशन वितरण केंद्र नहीं खोल रहे हैं तो कम से कम सड़क ही बनवा दें।


जिस गांव में राशन दुकान की जरूरत है, वहां की पंचायत से प्रस्ताव बनाकर विभाग में जमा करें। इसके बाद नियमानुसार राशन दुकान खोला जाएगा।

**राजेश शर्मा, खाद्य अधिकारी बिलासपुर।**

# मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने राजीव गांधी किसान न्याय योजना की पहली किश्त का किया अंतरण

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने राजीव गांधी किसान न्याय योजना के अंतर्गत प्रदेश के किसानों को खरीफ विपणन वर्ष 2021-22 के लिए प्रथम किश्त की राशि का अंतरण किया। इसके साथ ही राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना एवं गोधन न्याय योजना के लाभांवित हितग्राहियों को भी राशि का अंतरण किया। इस अवसर पर नगर निगम ऑडिटोरियम में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में उच्च शिक्षा मंत्री उमेश पटेल, रायगढ़ विधायक प्रकाश नायक, विधायक धरमजयगढ़ लालजीत सिंह राठिया, विधायक लैलूंगा चक्रधर सिंह सिदार, जिला पंचायत अध्यक्ष निराकार पटेल, महापौर जानकी काटजू, कलेक्टर भीम सिंह, सीईओ जिला पंचायत डॉ.रवि मित्तल सहित जिले भर से आये जनप्रतिनिधि व किसान उपस्थित रहे।






कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उच्च शिक्षा मंत्री उमेश पटेल ने कहा कि शासन कृषकों को उनकी फसलों की बेहतर कीमत प्रदान करने की दिशा में निरंतर कार्यरत है। राजीव गांधी किसान न्याय योजना के माध्यम से धान के साथ दूसरी फसलों को भी आदान सहायता के लिए शामिल किया है। जिससे किसानों को दूसरे प्रदेशों के मुकाबले फसलों की बेहतर कीमतें मिल रही है और वे आर्थिक रूप से सशक्त हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि किसानों के साथ ही शासन भूमिहीन कृषि मजदूरों की बेहतरी के लिए भी कार्य कर रही है। उन्हें भी राजीव गांधी भूमिहीन कृषि मजदूर योजना के जरिये आर्थिक सहायता दी जा रही है। इस मामले में रायगढ़ प्रदेश में अव्वल चल रहा है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि गोधन न्याय योजना अपने किस्म की अनूठी पहल है। जिसका सीधा लाभ पशुपालकों को मिल रहा है साथ ही इससे जैविक कृषि और महिला रोजगार को बढ़ावा भी मिल रहा है।

इस अवसर पर विधायक रायगढ़ प्रकाश नायक ने कहा कि शासन छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक विरासत और परंपराओं को सहेजने और संवारने के साथ किसानों, श्रमिकों, महिलाओं को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने का काम कर रही है। विधायक धरमजयगढ़ श्री लालजीत सिंह राठिया ने इस अवसर पर सभी लाभार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि शासन की नीतियों और योजनाओं से ग्रामीण जनजीवन और रोजगार में काफी सकारात्मक असर पड़ा है। कृषि कार्यों को नयी ऊर्जा मिली है। स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए विकल्प तैयार हुए हैं। विधायक लैलूंगा चक्रधर सिंह सिदार ने इस मौके पर कहा कि शासन की योजनाओं से आज किसान बड़ी संख्या में लाभान्वित हो रहे हैं। इसमें धान की खेती के साथ ही दूसरी फसल लेने वाले किसान भी शामिल हैं। जो दिखलाता है कि इस राज्य में आजीविका की मुख्य गतिविधि की मजबूती के लिए सरकार कितनी गंभीरता से कार्य कर रही है। इस मौके पर कलेक्टर भीम सिंह ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि शासन राजीव गांधी किसान न्याय योजना से जहां किसानों को आदान सहायता प्रदान कर रही है वहीं गोधन न्याय योजना से जैविक खेती को बढ़ावा दे रही है। उन्होंने कहा कि मृदा की उर्वरता और फसलों की गुणवत्ता के लिए फसल चक्रण को अपनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि अब दलहन-तिलहन की खेती के लिए बीज किसान सोसायटियों से प्राप्त कर सकते हैं। इस अवसर पर खेती के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 10 किसानों को शाल श्रीफल देकर सम्मानित किया गया।

1 लाख 8 हजार 106 किसानों को पहली किस्त में मिले 97 करोड़ रूपए

वर्ष 2021-22 की पहली किश्त में कुल 01 लाख 8 हजार 106 किसानों को प्रथम 97 करोड़ 02 लाख रूपए अंतरित किया गया।

पिछले 2 सालों में जिले के किसानों को मिले 643 करोड़ रुपये

राजीव गांधी किसान न्याय योजना अंतर्गत योजना के प्रारंभिक वर्ष 2019-20 में 90 हजार 385 किसानों को चार किस्तों में कुल 323 करोड़ 6 लाख रूपए प्रदाय किया गया। धान उपार्जन वर्ष 2020-21 में कुल 01 लाख 01 हजार 72 किसानों को योजना अंतर्गत 320 करोड़ 13 लाख रूपए चार किस्तों में प्रदाय किया गया। इस प्रकार किसानों को पिछले दो सालों में 6 अरब 43 करोड़ रुपये की राशि इस योजना के माध्यम से प्रदान की गयी है।

## *भूमिहीन कृषि मजदूरों को मिले 8 करोड़*

*मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना के अंतर्गत रायगढ़ जिले में पंजीकृत 40 हजार 438 श्रमिकों को 2 हजार के मान से 8 करोड़ 8 लाख 76 हजार रुपये की राशि उनके खातों में अंतरित की गयी।*

## *गोधन न्याय योजना के पिछले पखवाड़े की मिली राशि*

*इस अवसर पर गोधन न्याय योजना के पिछले पखवाड़े की राशि जारी की गयी। जिसमें पशुपालकों को 11 लाख 74 हजार रुपए अंतरित किये गए। वैसे इस योजना से अभी तक पशुपालकों को करीब 11 करोड़ 48 लाख रुपये का भुगतान किया जा चुका है।*

# भेलवांटोली में 78 लाख के सीसी रोड का विधायक चक्रधर सिंह ने किया भूमिपूजन

जोहार छत्तीसगढ़-लैलूंगा।

छत्तीसगढ़ शासन पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग से स्वीकृत ग्राम पंचायत जामबहार के आश्रित ग्राम भेलवाटोली में बहुप्रतीक्षित सीमेंट कांक्रीट सड़क निर्माण का लैलूंगा विधायक चक्रधर सिंह सिदार ने भूमि पूजन कर कार्य का शुभारंभ किया। ज्ञात हो कि गांव में लगभग 1 किलोमीटर कच्ची सड़क होने से ग्राम वासियों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। ग्राम वासियों की समस्याओं को देखते हुए विधायक चक्रधर सिंह के प्रयास से तकरीबन 1 किलोमीटर कच्ची सड़क जिसकी लागत 78.40 लाख, अनुबंध राशि 59.32 लाख की लागत से सीसी सड़क स्वीकृति मिली। सीसी सड़क निर्माण शुभारंभ कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर पधारे छत्तीसगढ़ अधोसंरचना एवं उन्नयन विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष व लैलूंगा विधायक चक्रधर सिंह का ग्रामवासियों ने रंगोली बनाकर एवं फूल माला के साथ मिनी भव्य स्वागत किया। विधायक चक्रधर सिंह ने अपने उद्बोधन के दौरान ग्राम वासियों को संबोधित करते हुए बताया कि हमारे प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल छत्तीसगढ़िया मुख्यमंत्री होने के कारण छत्तीसगढ़ की संस्कृति व छत्तीसगढ़ वासियों की भावनाओं को भली-भांति जानते हैं इसलिए उनके हर समस्याओं का निराकरण भी तत्काल करते हैं। विधायक सिंह ने कहा कि हमारी सरकार अन्नदाता कहे जाने वाले किसानों के हित के लिए सदैव अग्रणी रहती हैं। जिसके अंतर्गत राजीव गांधी किसान न्याय योजना, गोठान निर्माण आदि सहित विभिन्न कई कल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के आशीर्वाद से लैलूंगा विधानसभा में बहुप्रतीक्षित कई सड़क निर्माण, पुल पुलिया निर्माण कार्य आदि स्वीकृत कराकर निर्माण कराया गया है विधायक ने ग्राम वासियों के अभूतपूर्व स्वागत के लिए सभी को धन्यवाद दिया। कार्यक्रम के दौरान जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष ओम सागर पटेल ने भी ग्राम वासियों को संबोधित करते हुए कि भेलवाटोली गांव वालों से हमारा जुड़ाव विगत वर्षों से है तथा विकास कार्यों हेतु हमारे विधायक चक्रधर सिंह सिदार पूरे लैलूंगा विधानसभा में आम जनों के आशीर्वाद से बेहतर कार्य कर रहे हैं। कार्यक्रम के दौरान मंच संचालन ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष ठंडाराम बेहरा द्वारा किया गया आयोजित कार्यक्रम के दौरान जनपद पंचायत अध्यक्ष किरण पैंकरा, सभापति नरसिंह सिदार,,सरपंच सत्यनारायण भगत, वरिष्ठ कांग्रेसी अदल साय, पूर्व ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष शौकीलाल प्रधान,युवा कांग्रेस अध्यक्ष रोशन पंडा, नगर पंचायत उपाध्यक्ष रविंद्र पाल धुर्वे, युवा कांग्रेस नगर अध्यक्ष आलोक गोयल, एल्डरमेन शंकर यादव, नगर उपाध्यक्ष अपरांश सिन्हा, महामंत्री सतीश शुक्ला, जितेंद्र ठाकुर, सरपंच संघ अध्यक्ष महेंद्र सिदार, भरत साहू, प्रमोद प्रधान, सुमित शर्मा, बसंत प्रधान, जितेंद्र यादव, शौकी पैंकरा, ढाप सरपंच सुखिराम, सरपंच प्रसाद शिकारी, बहामा सरपंच आदि सहित जनपद पंचायत के कर्मचारी गण व भारी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।





## 5 जून विश्व पर्यावरण दिवस पर हर जरूरतमंद को मिलेगी सांसद निवास जल परिसर से पौधे

**दुर्ग** । 5 जून विश्व पर्यावरण दिवस में पर्यावरण की सुरक्षा और संरक्षण के लिए पूरे विश्व मे मनाया जाता है। मानवजाति के अस्तित्व के लिए पर्यावरण कितना महत्वपूर्ण है, इसे स्वच्छ रखना और प्रदूषण से बचाये रखना कितना आवश्यक है, यह हम सभी जानते है। आने वाली पीढ़ियों को एक हरी भरी प्रकृति प्रदान करना हम सबका कर्तव्य ही नही बल्कि जिम्मेदारी भी है। इस दिन पूरा विश्व रास्ते में खड़ी चुनौतियों को हल करने का रास्ता निकालता हैं तथा लोगों में पर्यावरण जागरूकता को जगाने के लिए संयुक्त राष्ट्र द्वारा संचालित विश्व पर्यावरण दिवस का आयोजन किया जाता है। धरती के श्रृंगार को पूर्ण करने के लिए इस दिन पूरे विश्व मे पौधे लगाए जाते हैं जिससे भविष्य में हमारी धरा स्वस्थ और सुंदर रहे।

## एक नजर

### कलेक्टर सिंह ने चक्रधरनगर के समीप काटे जा रहे पेड़ों की कटाई पर लगायी रोक

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

कलेक्टर भीम सिंह ने चक्रधरनगर में डिग्री कॉलेज के समीप सी-मार्ट निर्माण के लिए काटे जा रहे पेड़ों की कटाई पर रोक लगा दी है। इस संबंध में उन्होंने एसडीएम रायगढ़ श्री युगल किशोर उर्वशा को निर्देश दिए हैं पेड़ कटाई तत्काल रोक दी जाए। एसडीएम श्री उर्वशा ने बताया कि निर्देश प्राप्त होते ही कटाई बंद करा दी गयी है।

राजीव गांधी किसान न्याय योजना

### 1 लाख 19 हजार 433 किसानों को मिलेगा 76 करोड़ 94 लाख 22 हजार 851 रूपए

**कवर्धा** । पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर कबीरधाम जिले के राजीव गांधी न्याय योजना, राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना और गोधन न्याय योजना के के 1 लाख 37 हजार 962 हितग्राहियों के बैंक खाते में 21 मई को 80 करोड़ 58 लाख 16 हजार 851 रूपए की सौगात मिली है। प्रदेश के वन, परिवहन, आवास, पर्यावरण, जलवायु परिवर्तन मंत्री व कवर्धा विधायक मोहम्मद अकबर आज शनिवार को कवर्धा के पीजी कालेज के आडोटेरियम में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यअतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम में पंडरिया विधायक श्रीमती ममता चन्द्राकर, नीलकंठ चन्द्रवंशी, नगर पालिका अध्यक्ष ऋषि शर्मा, बोड़ला जनपद अध्यक्ष श्रीमती अमिता प्रभाती मरकाम, राज्य योग आयोग के सदस्य गणेश योगी, श्रीमती गंगोत्री योगी, कलीम खान, मोहित महेश्वरी, राजेश माखीजानी, फिरोजखान, श्रीमती सावित्री साहू राजकुमार तिवारी, प्रमोद लुनिया, कलेक्टर रमेश कुमार शर्मा, पुलिस अधीक्षक डॉ लाल उमेंद सिंह, जिला पंचायत सीईओ संदीप अग्रवाल विशेष रूप से उपस्थित थे।

कैबिनेट मंत्री मोहम्मद अकबर ने कहा कि आज मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जी द्वारा छत्तीसगढ़ के तीन महत्वपूर्ण योजना, राजीव गांधी किसान न्याय योजना, राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना और गोधन न्याय योजना के तहत छत्तीसगढ़ राज्य के 26 लाख 68 हजार से अधिक किसानों, भूमिहीन कृषि मजदूरों, पशुपालकों एवं समूह से जुड़ी महिलाओं को 1804 करोड़ 50 लाख रूपए की राशि सीधे उनके बैंक खातों में अंतरित की गई। कबीरधाम जिले के राजीव गांधी किसान न्याय योजना, राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना और गोधन न्याय योजना के 1 लाख 37 हजार 962 हितग्राहियों के बैंक खाते में 80 करोड़ 58 लाख 16 हजार 851 रूपए जारी गई है। राजीव गांधी किसा न्याय योजना के तहत जिले के 1 लाख 19 हजार 433 किसानों के खाते में पहली किस्त 76 करोड़ 94 लाख 22 हजार 851 रूपए जारी की गई। इसी प्रकार राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना के पात्र 17 हजार 839 हितग्राहियों को पहली किस्त 3 करोड़ 56 लाख 78 हजार रूपए जारी की गई गोधन न्याय योजना के तहत जिले के 690 गोबर विक्रेता को 7 लाख 16 हजार रूपए उनके खाते में जारी की गई।

# रायगढ़ में शुरू हुआ प्रदेश का पहला मिलेट्स कैफे, कलेक्टर भीम सिंह ने किया शुभारंभ

मिलेगी सेहत और स्वाद की कॉम्बो डील, महिला उद्यमिता को भी मिलेगा बढ़ावा

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

स्वाद के साथ सेहत की कॉम्बो डील अब रायगढ़ वासियों को मिलने जा रही है। यहां जिला प्रशासन की पहल व सहयोग से प्रदेश का पहला मिलेट्स कैफे शुरू किया गया है। कलेक्टर भीम सिंह ने आज फीता काटकर कैफे का शुभारंभ किया। इस मिलेट कैफे की खासियत रागी और कोदो जैसे अनाजों से मिलने वाले लजीज पकवान हैं। इस मौके पर सीईओ जिला पंचायत डॉ.रवि मित्तल भी मौजूद रहे।






नटवर स्कूल के पास सी-मार्ट के बाजू में शुरू हुए इस कैफे में रागी से बने पास्ता, चीला, इडली, मंचूरियन, पिज्जा, नूडल, पकोड़े, समोसे, दोसा, कोदो से बनी बिरयानी के साथ ही सैंडविच, शेक्स, बर्गर का स्वाद लेने का अवसर लोगों को मिलेगा।

कलेक्टर भीम सिंह ने इस मौके पर संचालनकर्ता महिला समूह को बधाई व शुभकामनाएं देते हुए कहा कि कई पीढ़ियों से रागी, कोदो जैसे अनाज हमारे आहार का प्रमुख हिस्सा हुआ करता था। किंतु आज इनका उपयोग सीमित हो गया है। ये अनाज सेहत के लिए जरूरी बहुत से पोषक तत्वों से युक्त होते हैं। इस कैफे से लोगों को इन अनाजों से तैयार व्यंजन के रूप में सेहतमंद विकल्प मिलेंगे।

**रागी का पास्ता और कोदो की बिरयानी जैसे कई डिशेस और मिठाइयों की मिलेगी वैरायटी**

इस मौके पर स्टेट कॉर्डिनेटर नीरजा कुद्रीमोती, जिला महिला बाल विकास अधिकारी टी.के. जाटवर, सहित महिला बाल विकास विभाग के अधिकारी-कर्मचारी और महिला समूह की सदस्य उपस्थित रहे।

### महिला उद्यमिता को मिलेगा बढ़ावा

इस कैफे की शुरुआत जिला प्रशासन की पहल व सहयोग से हुआ है। इसका संचालन विकास संघ महिला समूह द्वारा किया जाएगा। इसमें तकनीकी सहयोग महिला बाल विकास विभाग और ट्रांसफॉर्मिंग रूरल इंडिया फाउंडेशन द्वारा दिया जा रहा है। छत्तीसगढ़ में पहली बार महिला स्वरोजगार और उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए महिला समूहों के लिए मिलेट्स आधारित कैफे की शुरुआत की गयी है।

# विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी ने किया सीखना-सिखाना केंद्र का अवलोकन

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

विकासखंड शिक्षा अधिकारी दिनेश कुमार पटेल के द्वारा प्राथमिक शाला खड़ियापारा के सीखना-सिखाना केंद्र का भ्रमण किया गया। जिसमें उनके द्वारा कुछ बच्चों के साथ संवाद करते हुए वहां चल रही गतिविधियों का अवलोकन और मार्गदर्शन किया गया। जैसा की ज्ञात है कि विकासखंड के कुछ शाला में शिक्षक साथियों के स्वैच्छिक प्रयास से सीखना-सिखाना केंद्र का संचालन किया जा रहा हैं। जिसका उद्देश्य बच्चों की कोरोना काल में हुई शैक्षणिक क्षति का मनोरंजक गतिविधियों के माध्यम से भरपाई है। वर्तमान समय में पुसौर ब्लॉक के अंतर्गत प्राथमिक शाला सिहा, खड़ियापारा और जेवरीडीह में 10 दिवसीय सीखना-सिखाना केंद्र कार्यक्रम का संचालन किया जा रहा है, ताकि ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान बच्चे अपने छुट्टियों के आनंद लेने के साथ-साथ अपने कक्षीय दक्षता को भी प्राप्त करते रहे ।




इन केन्द्रों पर पढ़ने-लिखने तथा प्रारंभिक गणितीय कौशल का विकास के लिए निम्न शैक्षणिक गतिविधियों का मुख्य रूप से संचालन किया जा रहा है। पेंटिंग, चित्र पठन, कहानी पठन, कहानी निर्माण, अधूरी कहानी पूरा करना, समाचार पत्र निर्माण, संख्या समझ, संक्रिया, स्थानीय मान, कैलंडर गेम, अंग्रेजी में अपना परिचय, अंग्रेजी शब्दों की अंताक्षरी, शरीर के अंगों के अंग्रेजी में नाम, आस पास के जीवों के समूह निर्माण आदि गतिविधि शामिल है। बच्चों को इस दौरान प्रतिदिन शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक और सामाजिक गतिविधियों के माध्यम से एक आदर्श माहौल देने की कोशिश किया जा रहा हैं।

# प्रांतीय दक्षता वर्ग का उद्घाटन

जोहार छत्तीसगढ़-पत्थलगांव।

सरस्वती शिक्षा संस्थान रायपुर छत्तीसगढ़ के मार्गदर्शन में सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पत्थलगांव के सभाकक्ष में यज्ञ हवन के द्वारा प्रांतीय दक्षता वर्ग का शुभारंभ किया गया । विद्या की देवी मां सरस्वती,भारत माता की प्रतिमा पर मंचासीन अतिथियों के द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का श्री गणेश किया गया। मंच पर सुशोभित मुख्य अतिथि चंद्र किशोर श्रीवास्तव विद्या भारती मध्य क्षेत्र के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष सरस्वती शिक्षा संस्थान के सदस्य वनांचल शिक्षा सेवा न्यास के सचिव कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे सम्मानीय राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल विद्यालय समिति के अध्यक्ष मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित जुड़ावन सिंह ठाकुर अध्यक्ष सरस्वती शिक्षा संस्थान रायपुर छत्तीसगढ़ ए विशिष्ट अतिथि के रूप में अभय सिंह ठाकुर सरस्वती ग्राम भारती शिक्षा समिति छत्तीसगढ़ के सचिव विशिष्ट अतिथि मुरारी लाल अग्रवाल, गौरीशंकर कटकवार प्रांतीय प्रमुख सरस्वती शिक्षा संस्थान रायपुर बृज मोहन साहू प्राचार्य थान खम्महरिया की उपस्थिति में सुव्यवस्थित कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। संस्था प्रमुख संतोष कुमार पाढ़ी के द्वारा मंचासीन अतिथियों का तिलक से स्वागत किया गया। स्थानीय विद्यालय के वर्ग संरक्षक मुरारी जी के द्वारा सम्मान स्वरूप भेंट प्रदान किया गया। मुख्य वक्ता जुड़ावन सिंह जी ने अपने उदबोधन में कहा कि भारत को विश्व गुरु के नाम से जाना जाता था किंतु भारत का पतन कई कारणों से हुआ। इस प्रशिक्षण वर्ग में राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर आधारित योग शिक्षा शारीरिक शिक्षा एवं अन्य विषयों पर विस्तृत जानकारी प्रदान किया गया। अभय सिंह ठाकुर ने दक्षता वर्ग का महत्व,नई शिक्षा नीति पर आधारित सीखने का प्रतिफल पर विस्तृत जानकारी दी गई। अध्यक्ष राजेंद्र जी ने आशीर्वचन प्रदान करते हुए कहा की प्रांतीय दक्षता वर्ग में जो आपको सिखाया जाएगा उसका भली.भांति अनुसरण करें। पूर्ण मानसिकता बना कर सीखने की कोशिश करेंगे तो निश्चित ही उसका लाभ आपको प्राप्त होगा। इस कार्यक्रम में विद्यालय समिति के उपाध्यक्ष बजरंग लाल अग्रवाल, सहव्यवस्थापक शंकर लाल अग्रवाल, कोषाध्यक्ष हरनाम सिंह भाटिया, सम्माननीय सदस्य श्याम सुन्दर अग्रवाल, सुनील अग्रवाल भी मौजूद रहे। पत्रकार बन्धु,सुरेन्द्र चेतावनी,मन्नू महंत कृतिभूषण, नीरज गुप्ता, , बबलू तिवारी उपस्थित रहे। समाज सेवी रामकिशन यादव, विष्णु कुमार गुप्त, सरगुजा बलरामपुर जिला प्रतिनिधि की उपस्थिति रही। जिला संघ चालक मुरारी ने धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि सरस्वती शिशु मंदिर समिति पत्थलगांव अच्छी से अच्छी सुविधा प्रदान करने हेतु कटिबद्ध है। आप सभी प्रसन्न चित्त होकर इस प्रशिक्षण में जो भी सिखाया जाएगा उसको ध्यान पूर्वक उसका पालन करेंगे तो निश्चित ही उसका परिणाम अच्छा सिद्ध होगा।






# वन परिक्षेत्र हाटी में उड़न गिलहरी की मौत, पोस्टमार्टम के बाद अंतिम संस्कार

जोहार छत्तीसगढ़–धरमजयगढ़।

**वन मण्डल धरमजयगढ़ अंतर्गत वन परिक्षेत्र हाटी में उस समय लोगों की भीड़ जमा हो गई। जब एक जंगली जीव दुकान के छत में तड़पते हुए दिखाई दिया। जिसे तड़पता देख कुछ लोगों ने उसे पानी पिलाकर बचाने की कोशिश की।**



वहीं मौके पर उपस्थित लोगों ने वन विभाग के कर्मचारियों को सूचना दी। कुछ समय बाद उसकी मौत हो गई। बताया जा रहा है कि वह उड़न गिलहरी है, जो जंगलों में पाया जाता है। पास के ही महुआ पेड़ के खोखले में रहता था। जहां उसे कुछ चीटियों ने काटा और वह नीचे गिर गया। जिसके बाद फिर वह उड़न गिलहरी पेड़ पर चढ़ गया। जहां से फिर तड़पते हुए हाटी बाजार के पास बने दुकान के छत पर गिरा। बाजार का दिन होने के कारण बहुत लोग उपस्थित थे। जिनकी नजर उस घायल उड़न गिलहरी पर पड़ी। जिसे आसपास के लोग बचाने के लिए प्रयास करने लगे। लेकिन छत में होने के कारण कोई छत पर चढ़ नहीं पा रहे थे। जैसे तैसे करके दो लड़के ऊपर चढ़कर उसे पानी पिलाने की कोशिश कर उसे इलाज के लिए नीचे उतारा। वहीं उड़न गिलहरी की हालत बिगड़ती जा रही थी। कुछ समय बाद उसकी मौत हो गई।जब तक वन विभाग के कर्मचारी मौके पर पहुंचे तब तक उसकी मौत हो चुकी थी।

जोहार छत्तीसगढ़ विशेष खबर

## पशु चिकित्सक द्वारा पोस्टमार्टम करने के बाद अंतिम संस्कार

उड़न गिलहरी के बारे जब परिक्षेत्राधिकारी छाल से बात की गई तो उन्होंने बताया कि सूचना मिलने पर हमारी टीम मौके पर पहुंची। जहां पशु चिकित्सक द्वारा उड़न गिलहरी की विधिवत पोस्टमार्टम की गई। वहीं शासन के नियमानुसार मृत गिलहरी का अंतिम संस्कार किया गया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारण का पता चल सकेगा।

## एक नजर

### नए प्रदेश अध्यक्ष पर बोले रमन

## हर किसी के मन में अध्यक्ष बनने की इच्छा, कुछ ने तो नए कपड़े सिलवा लिए हैं

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और संगठन के बाकी पदाधिकारी बदले जाने की चर्चा है। जल्द ही से लेकर छत्तीसगढ़ भाजपा कोई बड़ा फैसला कर सकती है। इस मामले पर डॉ रमन सिंह ने अपना बयान दिया है। दरअसल कई नेता अध्यक्ष बनने की इच्छा जाहिर कर चुके हैं। डॉ रमन सिंह ने कहा कि हर किसी के मन में अध्यक्ष बनने की इच्छा होती है, कौन नहीं बनना चाहेगा अध्यक्ष, कुछ लोगों ने तो नए कपड़े भी सिलवा लिए हैं।



डॉ रमन सिंह ने यह बयान रायपुर के एयरपोर्ट पर दिया। शनिवार को वह राजस्थान से लौट आए । दरअसल राजस्थान में राष्ट्रीय पदाधिकारियों की दो दिवसीय बैठक थी। छत्तीसगढ़ से इस बैठक में शामिल होने डॉ रमन सिंह, पवन साय, विष्णु देव साय और प्रदेश प्रभारी डी पुरंदेश्वरी पहुंची हुई थीं।

### वर्किंग प्रोफेशनल भाजपा का नया टारगेट

छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री और भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ रमन सिंह ने राजस्थान से लौटने के बाद बताया कि अब भारतीय जनता पार्टी अपने नए टारगेट के तहत काम करेगी । वर्किंग प्रोफेशनल्स को पार्टी से जोड़ा जाएगा। राष्ट्रीय पदाधिकारियों की हुई बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने तमाम नेताओं को यह लक्ष्य दिया है। अब पार्टी डॉक्टर वकील, पत्रकार, चार्टर्ड अकाउंटेंट जैसे अलग-अलग प्रोफेशन से जुड़े ऐसे लोगों को भाजपा से जोड़ेगी।

डॉ रमन सिंह ने बताया कि बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की बातें काफी प्रेरणादायक रहीं। उन्होंने वर्तमान राजनीतिक स्थिति पर भारतीय जनता पार्टी की भूमिका पर चर्चा की। उन्होंने यह भी कहा कि कांग्रेस में परिवारवाद की वजह से वह पार्टी पतन की ओर है । भारतीय जनता पार्टी को विकासवाद के रास्ते से भटकना नहीं चाहिए । हम विकासवाद साथ लेकर चलते हैं। आज भाजपा देश में जिस मुकाम पर खड़ी है वह डेवलपमेंट की नीतियों की वजह से ही हुआ है। गांव गरीब किसान के लिए हितकर योजनाएं बनाने की वजह से ही हुआ है। परिवारवाद और अपनी गलत नीतियों की वजह से कभी देश के सभी राज्यों में सरकार बनाने वाली कांग्रेस आज सिर्फ दो राज्यों में सिमट कर रह गई है।

## मैदानी क्षेत्रों में मिलेट उत्पादन को प्रोत्साहन करने के लिए खरीदी ऐजेन्सी का निर्धारण की जरूरत - देशमुख

**दुर्ग** । दुर्ग जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के उपाध्यक्ष विशाल देशमुख ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को पत्र लिख कर सुझाव दिया है कि प्रदेश में उत्पादित मिलेट खरीदी के लिए मैदानी क्षेत्रों में कम से कम विकासखण्ड स्तर पर विपणन सहकारी समितियों को खरीदी के लिए ऐजेन्सी नियुक्त किया जा सकता है। जिससे किसान फसल के उत्पादन के लिए प्रोत्साहित होगे वहीं धान के रकबे में कमी आऐगी।

श्री देशमुख ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा दिसम्बर 2021 में प्रदेश में उत्पादित मिलेट (कोदो, कुटकी एवं रागी (मड़िया) के समर्थन मूल्य में खरीदी हेतु लघु वनोपज सहकारी समितियों को खरीदी केन्द्र के लिए अधिकृत किया गया है। छत्तीसगढ़ के दुर्ग, बालोद, बेमेतरा, कवर्धा एवं राजनांदगांव के मैदानी क्षेत्रों के भर्री जमीन पर भी मिलेट (कोदो, कुटकी एवं रागी (मडिया) का उत्पादन होता है। मैदानी क्षेत्रों में उत्पादन को प्रोत्साहन करने के लिए खरीदी ऐजेन्सी का निर्धारण की आवश्यकता है। मैदानी क्षेत्रों में कम से कम विकासखण्ड स्तर पर विपणन सहकारी समितियों को खरीदी के लिए ऐजेन्सी नियुक्त किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि अधिकत्तर विपणन समितियों के पास भण्डारण के लिए गोदाम भी उपलब्ध है जहां पर विपणन समितियां कार्यरत नहीं है, वहां पर विकासखण्ड मुख्यालय के सेवा सहकारी समितियों को खरीदी के लिए अधिकृत किया जा सकता है। मैदानी क्षेत्रों में ऐजेन्सी नियुक्त करने से किसान मिलेट (कोदो, कुटकी एवं रागी ( मडिया) फसल के उत्पादन के लिए प्रोत्साहित होगे वहीं धान के रकबे में कमी आऐगी।

# बेमौसमी बारिश एवं तूफान से चराईडांड में कई पेड़ टूटे

जोहार छत्तीसगढ़–दुलदुला।

बेमौसमी बारिश एवं तूफान से दुलदुला के चराईडाँड क्षेत्र में कई पेड़ टूटटे देखा गया है जिसमें चराईडांड़ बजार डांड़ के एक बहुत पुराना आम पेड़ भी तूफान से टूट गया और उस पेड़ के नीचे छाया में खड़ा चराईडांड़ निवासी शिक्षक मोजीब खान का ट्रैक्टर चपेट में आ गया जिसमें पेड़ गिरने से वाहन हल्का क्षतिग्रस्त हो गया है पेड़ गिरते समय एक बच्चा भी पेड़ के नीचे आम चुनने गया था लेकिन पेड़ टूटने का आभास उसे हुआ और पेड़ के नीचे से दौड़ कर भागा और बाल बाल बच गया ऐसे ही और भी कितने पेड़ का डाल छोटे छोटे टूट कर बिखरे दिखाई दिये इस वर्ष का यह पहला असरदार तूफान रहा कि पेड़ टूटते हुए देखा गया है।



# अज्ञात कारण से नवयुवक ने किया कीटनाशक दवा का सेवन, अस्पताल में भर्ती

जोहार छत्तीसगढ़–धरमजयगढ़।

धरमजयगढ़ क्षेत्र के ओंगना गांव के बेसिन में अज्ञात कारणों से एक नवयुवक ने कीटनाशक दवा सेवन कर जान देने की कोशिश की है जिसका धरमजयगढ़ सिविल अस्पताल में इलाज किया जा रहा है।

जानकारी के मुताबिक ओंगना गांव निवासी 20 वर्षीय रघुनंदन राठिया अपने परिजनों के साथ वहीं ओंगना गांव के बासीन खेत में हाथी से फसल कि रखवाली करने गए हुए थे बताया जा रहा है उसी दरमियान आज भोर में रघुनंदन कीटनाशक दवा का सेवन कर अपनी मां से कहने लगा कि मैं कीटनाशक दवा का सेवन कर लिया हूं यह सुन आनन फानन में घायल रघु नंदन को परिजन इलाज के लिए धरमजयगढ़ हॉस्पिटल लेकर पहुंच गए जहां नवयुवक का उपचार जारी है लेकिन बता दें, अभी यह स्पष्ठ नहीं है कि नवयुवक रघुनंदन राठिया ने किन कारणों के चलते ऐसा घातक कदम उठाया है।



## सांसद गोमती साय ने दी श्रद्धांजलि

जोहार छत्तीसगढ़–फरसाबहार।

भारतीय जनता पार्टी मंडल दोकड़ा के ग्राम पंचायत पतरापाली के वरिष्ठ नेता विद्याधर सिंह के ज्येष्ठ पुत्र मोहन सिंह का शनिवार को आकस्मिक निधन हो गया। ये पेशे से शिक्षक थे ये बहुत ही मिलनसार व्यक्तित्व के धनी थे। इनका पूरा परिवार भाजपा पार्टी के कार्यों के प्रति हमेशा समर्पित रहता है। उनके आकस्मिक निधन से क्षेत्र की अपूर्णीय क्षति हुई है जिसकी भरपाई करना मुश्किल है। मैं विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करती हूं। ईश्वर उनकी आत्मा को अपने श्री चरणों में स्थान दें और उनके परिवार को इस गहन दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करें। बिलासपुर में हुए सड़क हादसे में पूर्व सांसद व भाजपा नेता लखन लाल साहू के भतीजे समेत चार व्यक्तियों का दुखन निधन हो गया।मैं प्रार्थना करती हूं कि ईश्वर दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान प्रदान करें। शोकाकुल परिवार को संबल प्रदान करें।



# अमलीडीह बूथ पर समिति भेंडरा के आश्रित ग्राम चुहकीमार में जन चौपाल के जरिए बैठक संपन्न

जोहार छत्तीसगढ़–घरघोड़ा।

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष रहे स्वर्गीय कुशाभाऊ ठाकरे जन्म शताब्दी वर्ष को प्रदेश नेतृत्व द्वारा भाजपा कार्यविस्तार अभियान के रूप में चलाया जा रहा है। इसी विषय को लेकर धरमजयगढ़ विधानसभा के घरघोड़ा मंडल के अमलीडीह शक्तिकेंद्र में सर्वप्रथम बूथ क्रमांक 263 अमलीडीह में बूथ समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बूथ समिति में विस्तारक पवन शर्मा एवं भाजपा जिला महामंत्री एवम बूथ के पालक अरुण धर दीवान ने भी सभी सदस्यों का मार्गदर्शन किया। वहां के बैठक संपन्न कर सभी कार्यकर्ता बूथ क्रमांक 158 भेंडरा के आश्रित ग्राम चूहकीमार में सायबर विस्तारक एवम ग्राम सरपंच बच्चन राठिया के मार्गदर्शन में जन चौपाल लगाकर ग्राम वासियों को संबोधित किया गया। इस अवसर पर भाजपा जिला महामंत्री अरुण धर दीवान, विस्तारक पवन शर्मा, पालक शकील अहमद, मंडल महामंत्री डॉ. राजेश पटेल ने ग्रामवासियों को संबोधित करते हुए भाजपा की पूर्व सरकार द्वारा किए गए जनउपयोगी कार्यों एवम पिछले 3 वर्षो में भूपेश सरकार द्वारा किए गए झूठी घोषणाओं को जनता को बताया और केंद्र सरकार द्वारा गरीबों के लिए जो योजनाएं चलाई जा रही।




उसको कैसे भूपेश सरकार ने बाधा पहुंचाकर काम को रोका ये सब बाते आमजन तक पहुंचाया। इस कामकाजी बैठक में सह विस्तारक राजीव पंडा, सायबर विस्तारक बच्चन राठिया, नरेश राठिया,बाबा,सरोज पंडा,अभिषेक शर्मा,शांतनु दुबे,मधुमणि त्रिपाठी,गुप्ता,गुरमीत,सहित शताधिक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी की पुण्यतिथि मनाई

जोहार छत्तीसगढ़–लैलूंगा।

पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी लैलूंगा के तत्वाधान में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने स्थानीय रेस्ट हाउस में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया इस दौरान लैलूंगा विधायक चक्रधर सिंह व कार्यकर्ताओं ने राजीव गांधी को याद किया और उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की कार्यक्रम में विधायक चक्रधर सिंह सहित अन्य कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे और भारत के विकास में राजीव गांधी के द्वारा दिए गए योगदान को भी याद किया गया। विधायक सिदार ने कहा कि प्रधानमंत्री रहने के दौरान राजीव गांधी ने देश में सूचना क्रांति लाई थी। उन्होंने कंप्यूटर शिक्षा, ग्रामीण विकास की अवधारणा को धरातल पर लाने के लिए त्रिस्तरीय पंचायती राज व्यवस्था को लागू किया था। उन्होंने मजबूत, कुशल नेतृत्व के जरिए देश में भारत को विकसित राष्ट्रों की श्रेणी में खड़ा करने का प्रयास किया थाण् उन्होंने कहा कि राजीव गांधी के योगदान को देश कभी नहीं भूल पाएगा। उन्होंने आतंकवाद का हमेशा विरोध किया साथ ही 21वीं सदी में भारत के लिए राजीव गांधी ने एक सपना देखा थाए उनका सपना था कि भारत आर्थिक, राजनीतिक, विदेश नीति में अव्वल रहे। उन्होंने कांग्रेस कार्यकर्ताओं से राजीव गांधी के जीवन से सीख लेने का आह्वान भी किया। इस दौरान उपस्थित कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने राजीव गांधी द्वारा दिखाए गए पथ पर चलने की शपथ ली और कांग्रेस को मजबूत करने का प्रण लिया। कार्यक्रम के दौरान जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष ओम सागर पटेल, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष ठंडा राम बेहरा, जनपद पंचायत अध्यक्ष किरण पैंकरा, नगर पंचायत अध्यक्ष मंजू मित्तल, प्रवक्ता वीरेंद्र शाह, पार्षद कृष्ण जयसवाल, पार्षद आदित्य बाजपाई, राजेन्द्र वैष्णव, एल्डरमैन शंकर यादव, महामंत्री सतीश शुक्ला, विनय जायसवाल, जितेंद्र ठाकुर, प्रमोद प्रधान, युकां नगर अध्यक्ष आलोक गोयल, आकृति सारथी, सानू खान, तेजस बंजारे, प्रकाश कुमार, सम्राट महंत आदि के साथ अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# कागजों में सिमट कर रह गई पालीडीह जन समस्या निवारण शिविर

जोहार छत्तीसगढ़–धरमजयगढ़।

**ग्राम पालीडीह जन समस्या निवारण शिविर में लोग बड़चड कर अपनी समस्याओं को लेकर शिविर में उपस्थित नजर आ रहे थे वही एक गरीब दिव्यांग ने भी अपनी आशा की किरण लेकर अधिकारियों के समक्ष आवेदन प्रस्तुत करने के लिए पैरों तथा हाथों से कमजोर होने के बावजूद भी किसी तरह रेंगते घसीटते शिविर तक पहुंचा।**



जिसमें पालीडीह में शुक्रवार को जन समस्या निवारण शिविर रखा गया था जहां बिजली पानी आवास जैसे कई प्रकार की समस्या लेकर लोग अपनी तकलीफ अधिकारियों के पास में रखी जा रही थी जिसकी कतार में एक बेहद ज्वलनशील करने वाला आवेदन मानवता को मानव समाज के लिए कहे जाने लायक वाले आवेदन ग्राम मुड़ापारा के दिव्यांग पोलुश कुजूर के कहा जा रहा है। जिसमें दिव्यांग ने अपनी विवशता के वृतांत सुनाने बाद भी मात्र आश्वासन मिलना बताया जा रहा है जिसमें दिव्यांश के दिव्यांगता साफ फोटो में देख पा रहे है। बताया जा रहा है कि वे 12 वीं पास है और वे 25 वर्षीय हो चुके हैं। विकलांगता के कारण उन्हें चलने फिरने में परेशानी होती है और उन्हें शासन से किसी प्रकार की पेंशन नहीं मिल रही है उन्हें पेट भरने के लिए राशन भी नहीं मिल रहा है। उन्हें कही आने-जाने के लिए इलेक्ट्रिक साइकिल के सख्त दरकार है जिसे वह अपनी कमजोर आर्थिक स्थिति के कारण ले पाने में समर्थ नहीं है। जिसके लिए शिविर अच्छा अवसर था शिविर में पहुंचे दिव्यांग पर पत्थलगांव के एसडीएम के जैसे ही नजर पड़ी उन्होंने जमीन पर बैठ कर उसकी समस्या जानी तथा आश्वासन भी दिया कि तत्काल इन्हें जरूरी मूलभूत दिया जावेगा लेकिन मिली जानकारी अनुसार संपर्क किया गया तो दिव्यांग से पता चला है कि उन्हें शासन प्रशासन अधिकारियों द्वारा मात्र आश्वासन का झुनझुना पकड़ा दिया गया उन्हें आज तक किसी भी प्रकार की सुविधा उपलब्ध नहीं कराई गई है न कोई शासन के अधिकारी अब तक उनकी समस्या के समाधान के लिए नहीं पहुंचे आपको बता दे पत्थलगांव क्षेत्र में यह मामला पहला अवसर नहीं जिसमें दिव्यांगों को मात्र आश्वासन देकर छोड़ा जा रहा हो इससे पूर्व भी पालीडीह मे छविल सिदार जैसे दिव्यांगों को झूठी दिलासा देकर आश्वासनों में ही इलेक्ट्रिक साइकिल दिलाई गई जिसकी जमीनी हकीकत बेहद खोखली है। दिव्यांग हताश महसूस करने के साथ ही अपनी समस्या 8 जून को छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के सामने रखने के प्रयास करेंगे। अब देखना होगा छत्तीसगढ़ के मुखिया इन दिव्यांगों के मदद के लिए क्या रुख अपनाते हैं।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक नारायण बाईन, द्वारा आसमा पब्लिसर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड,जयस्तंभ चौक रायपुर से मुद्रित कर मेडरमार कालोनी, जिला-रायगढ़ (छत्तीसगढ़) से प्रकाशित।
संपादक -**नारायण बाईन,** फोन -फैक्स 07766299001, मो, 9479177711, 7489419194 Email-joharchhattisgarh@gmail.com, joharchhattisgarh@yahoo.co.in